


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 99 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 21 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल के बच्चों से मन की बात करेंगे पीएम मोदी, बच्चे भी काफी उत्साहित

**रायपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के गौरेला में स्थित मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल के बच्चों से मन की बात करेंगे। बच्चों को शिक्षा के महत्व और अन्य बातों को ग्रहण करने का मूल मंत्र देंगे। इसके लिए प्रबंधन द्वारा तैयारी की जा रही है। वहीं, बच्चे भी काफी उत्साहित हैं। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़-जोगी (जेसीसीजे) के प्रदेश अध्यक्ष ने ट्वीटर हैंडल पर इस बात को शेयर किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर रविवार को देश के समसामयिक विषयों पर अपने कार्यक्रम मन की बात में चर्चा करते हैं। इस रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्कूली छात्र-छात्राओं से अपनी मन की बात को साझा करेंगे। प्रधानमंत्री करीब दस स्कूल के बच्चो से शिक्षा को लेकर चर्चा करेंगे और उन्हें मार्गदर्शन देंगे।

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा जिन स्कूलों का चयन किया गया है उसमें गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के गौरेला में स्थित मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल भी शामिल है। स्कूलों के छात्रों को प्रधानमंत्री से चर्चा करने का मौका मिलेगा। ऐसे में छत्तीसगढ़ के एक छोटे से नवनिर्मित जिला स्कूल का नाम चयनित होना गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के लिए गर्व की बात है।

### जम्मू में लगातार सीरियल ब्लास्ट से पांच लोग घायल, सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा

**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू के नरवाल इलाके में लगातार सीरियल ब्लास्ट हुए हैं। इसकी चपेट में आने से पांच से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। धमाके की सूचना के बाद मौके पर एसएसपी समेत अन्य एजेंसियों के अधिकारी पहुंच गए हैं।

गणतंत्र दिवस और राहुल गांधी की यात्रा के चलते जम्मू संभाग में सुरक्षा कड़ी है। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया है। डीआईजी शक्ति पाठक ने भी पूरे इलाके का दौरा किया। एडीजी पुलिस मुकेश सिंह ने स्थानीय लोगों और पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली।

स्थानीय लोगों के मुताबिक नरवाल इलाके के ट्रांसपोर्ट नगर के यार्ड नंबर सात और नौ पर धमाके हुए। पुलिस मौके पर खड़े सभी वाहनों को वहां से हटवा रही है। बताया जा रहा है इलाके में कई जगहों पर बड़ी मात्रा में कबाड़ एकत्र किया गया है।

इसके बीच में ही धमाके हुए हैं जिसकी चपेट में आने के कारण ही लोग जख्मी हुए हैं। एडीजी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। धमाके के बाद पूरे इलाके में जांच जारी है।

### लापता लोगों की तलाश में छावनी अनुभाग की बड़ी उपलब्धि

# 20 दिन में ढूंढ लिए 100 से ज्यादा गुमशुदा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गुमशुदा लोगों की तलाश में छावनी अनुभाग ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नए साल की शुरुआत में 20 दिनों के भीतर छावनी अनुभाग के पुलिस थानों ने 104 गुमशुदा लोगों को तलाश किया है। इनमें ऐसे भी लोग शामिल है जो बीते 11 से 12 सालों से लपता थे। छावनी सीएसपी प्रभात कुमार ने शनिवार को गुमशुदा लोगों की तलाश के बाद उनका ब्योरा जारी किया।




गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए नए साल में मिलन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गठित टीम को जनवरी में 100 गुमशुदा लोगों की तलाश का लक्ष्य दिया गया था। गठित टीम के सदस्यों ने इसे गंभीरता से लिया ओर गुमशुदा की तलाश शुरू की।

टीम ने पूरी लगन से गुमशुदा लोगों की तलाश शुरू की और इसका नतीजा यह रहा है महज 20 दिनों में ही मिले लक्ष्य को पूरा कर लिया। जनवरी माह के शुरुआती 20 दिनों में ही टीम ने 104 गुमशुदा लोगों को तलाश कर लिया गया। यानी रोजारा औसनत 5 गुमशुदा लोगों की तलाश की गई।

## 36 पुरुष व 68 महिलाओं को खोजकर परिजनों को सौंपा

छावनी अनुभाग ने इन 20 दिनों में 36 पुरुष तथा 68 महिलाओं को तलाश कर उनके परिजनों को सौंपा है। इन गुमशुदा में सबसे कम उम्र के बच्चे जिसकी उम्र लगभग 7 वर्ष एवं अधिक उम्र 70 वर्ष है। गुमशुदा की तलाश जिले के साथ ही राज्य के भीतर की गई। इसके बाद 9 राज्यों से टीम ने तलाश कर इन गुमशुदा लोगों को उनके परिजनों तक पहुंचाया। इस दौरान दुर्ग जिले के भीतर 62, राज्य के भीतर 20 व राज्य के बाहर 22 गुमशुदा लोगों को बरामद किया गया।

मिलन अभियान के तहत काफी वर्ष पूर्व के गुमशुदा को भी तलाश किया गया। इसी कड़ी में थाना छावनी एवं खुर्सीपार पुलिस ने 12 वर्ष पूर्व गुम हुए लोगों को तलाश किया है। इसी तरह मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग को भी टीम द्वारा तलाश किया गया। इस प्रकार 10-12 वर्ष पूर्व गुमशुदा के मिलने पर परिजनों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। इनकी तलाश में थाना एवं ACC की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही वजह रही कि 20 दिन में ही 104 गुमशुदा लोगों को तलाश कर उनके परिजन को सौंपा गया है। छावनी अनुभाग की इस सफलता के लिए एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव टीम की सराहना कर उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया।

### मुख्यमंत्री ने अमर शहीद हेमू कालाणी के शहादत दिवस पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद श्री हेमू कालाणी को आज उनके शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी, श्री सुरेश डिडलानी, अर्जुन वासवानी, अमर बजाज, अमर पचरानी, श्रीमती राधा राजपाल, रवि ग्वालानी एवँ अनेश बजाज भी उपस्थित थे ।

मुख्यमंत्री ने कालाणी के शहादत को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में अनगिनत वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराया । इन वन्दनीय वीरों में सबसे कम उम्र के बालक क्रांतिकारी शहीद हेमू कालाणी के बलिदान को देश कभी भुला नहीं पायेगा । सन 1942 में जब महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन चलाया तो 19 वर्षीय यह किशोर 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' नारे के साथ इस आंदोलन में कूद पड़ा । उन्होंने अपने साथियों के साथ विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया और लोगों से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आग्रह किया ।

## घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाकर भागे बदमाश, तड़के 5 बजे पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शांति नगर क्षेत्र में शनिवार सुबह घर के बाहर खड़ी कार में आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह किसी शरारती तत्वों का काम है।



कार जब जलने लगी तो घर के अंदर धुआं जाने लगा तो घर वाले जागे। तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। लगभग सुबह सवा पांच बजे फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कार में लगी आग को बुझाया। जब आग बुझी कार बुरी तरह जल चुकी थी।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 4:50 बजे फायर कंट्रोल रूम के पास कार चलने की सूचना मिली। वैशालीनगर थाना अंतर्गत शांति नगर वॉर्ड क्रमांक 10 में द्रोणी कुमार साहू के घर के बाहर खड़ी कार में आग लगने की सूचना मिली। सूचना के बाद फायर कर्मी रवाना हुए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने कार पर लगी आग पर क़ाबू पाया। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। इस दौरान जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह, अग्निशमन कर्मी महेन्द्र कुमार चंदेल, अवतार सिंह, पराग भोसले ,नागेश मार्कण्डेय, हीरामन आदि ने कार में लगी आग को बुझाया। बताया जा रहा है कि कार में आग लगाने का काम किसी शरारती तत्वों का है। इस घटना की सूचना वैशाली नगर पुलिस को दी गई है। फिलहाल जांच के बाद कार में लगी आग के कारणों का पता चल पाएगा।

## केंद्रीय पुल में सबसे ज्यादा धान देने वाला दूसरा सबसे बड़ा राज्य बना छत्तीसगढ़, सीएम ने ट्वीट कर दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वर्तमान खरीफ मार्केटिंग सीजन में सेंट्रल पूल में सबसे अधिक धान जमा कराने वाला छत्तीसगढ़ देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा है कि लगातार चार वर्षों से छत्तीसगढ़ कृषि क्षेत्र में लगातार नये-नये कीर्तिमान रच रहा है। यह किसानों की मेहनत और खेती पर लौटे उनके भरोसे का ही परिणाम है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों को बधाई देते हुए कहा है कि पुराने रिकॉर्ड टूटने के बाद ये एक और बड़ी उपलब्धि है।



मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि इस साल राज्य में धान खरीदी का भी नया रिकार्ड कायम हो रहा है। कल शाम तक 103 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी थी। उम्मीद है कि निर्धारित अंतिम तिथि 31 जनवरी तक हम 110 लाख मीट्रिक टन के अनुमानित आंकड़े को भी पार कर जाएंगे।

भारत सरकार द्वारा 15 जनवरी को जारी रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ केंद्रीय पुल में 92 लाख मीट्रिक टन धान का योगदान दे चुका था। इस सीजन में सर्वाधिक धान जमा कराने वाला वह दूसरा प्रदेश बन चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों के चलते खेती-किसानी और किसानों के जीवन में सुखद बदलाव आया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में फसल उत्पादकता एवं फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अलावा गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, किसानों की कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी से राज्य के किसानों को एक नई ताकत मिली है, जिसके चलते राज्य में किसानों की संख्या और खेती के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से इन चार वर्षों में लगातार किसानों की पंजीयन संख्या में वृद्धि हुई है। इस वर्ष 24.96 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है, इनमें 2.30 लाख नए किसान हैं। किसानों को धान विक्रय में सहूलियत हो इस लिहाज से इस साल राज्य में 135 नए उपार्जन केन्द्र शुरू किए गए, जिसके कारण कुल उपार्जन केंद्रों की संख्या 2617 हो गई है।

## रूस से गोवा आ रहे प्लेन में बम की धमकी फ्लाइट को किया गया उजबेकिस्तान डायवर्ट

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** रूस के पेरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अजूर एयरलाइंस की प्लेन में बम की धमकी मिली है। प्लेन ने रूस से गोवा के लिए उड़ान भरी थी। फ्लाइट में 2 बच्चों और 7 क्रू समेत कुल 238 लोग सवार हैं। बम की धमकी के बाद आनन-फानन में फ्लाइट को उज्बेकिस्तान के लिए डायवर्ट किया गया है।




मिली जानकारी के अनुसार विमान को सुबह सवा चार बजे दक्षिण गोवा के डाबोलिम हवाईअड्डे पर उतरना था। उन्होंने कहा कि अजूर एयर की फ्लाइट उड़ान (AZV2463) को भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही डायवर्ट कर दिया गया। कारण डाबोलिम एयरपोर्ट के डायरेक्टर द्वारा 12.30 बजे एक ईमेल मिलने के बाद डायवर्ट करने की सूचना दी। ईमेल में विमान में बम लगाए जाने की जानकारी थी। इसके बाद इसे उजबेकिस्तान डायवर्ट कर दिया गया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन के हमर लैब ने डेढ़ लाख टेस्ट कर रचा कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हमर लैब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन जिला दुर्ग ने आज एक लाख पचास हजार से अधिक टेस्ट करने का कीर्तिमान प्राप्त किया। विदित है कि 1 अप्रैल 2022 को माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा हमर लैब पाटन का शुभारंभ किया गया था। बीएमओ पाटन डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि 1 अप्रैल से 20 जनवरी तक 150311 टेस्ट किए जा चुके हैं। हमर लैब पाटन में 54 प्रकार टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है।




छत्तीसगढ़ शासन, जिला खनिज न्यास संस्थान और जीवन दीप समिति पाटन के संयुक्त प्रयास से हमर लैब का सफल संचालन किया जा रहा है। जहां पाटन ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्रों के सैंपल की जांच के साथ साथ मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के हाट बाजारों से भी सैंपल की जांच की जा रही है। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, एस डी एम पाटन श्री विपुल गुप्ता, जिला प्रशासन दुर्ग एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में ब्लॉक पाटन में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने कार्य किए जा रहे हैं।

हमर लैब पाटन की टीम में मेडिकल लैब टेक्नोलोजिस्ट सत्यम श्रीवास, सरस्वती वर्मा, श्वेता भारद्वाज, रमेश कुम्भकार, धर्मराज , नेहा चन्द्राकर, सुनिता वर्मा, दिव्या साहू, नेहा साहू द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। बीपीएम पूनम साहू, स्टोर इंचार्ज पोषण यादव, बीएएम टाकेश्वर देवांगन द्वारा निरंतर आवश्यक सामग्रियों एवं रिएजेंट आदि की व्यवस्था एवं निगरानी की जा रही है।

## पांचवी पास पढ़ा रहा पांच-पांच क्लास

श्रीकंचनपथ




जिनके पास बड़ी-बड़ी डिग्रियां नहीं होतीं, वो भी जिन्दगी में सफल होते हैं. ऐसे लोगों की एक लंबी फेहरिस्त है. इसलिए जब यह खबर आई कि एक पांचवी पास युवक गांव के पहली से पांचवी तक के पांच क्लासों को पढ़ा रहा है तो आश्चर्य बिल्कुल नहीं हुआ. बल्कि उस पांचवी पास शिक्षक के नवाचार पर गर्व हुआ जो 2500 रुपए में यह जिम्मेदारी निभा रहा है. शासन द्वारा नियुक्त शिक्षक पिछले तीन साल से शहर में बैठे-बैठे मुफ्त का वेतन ले रहा है. यह दिलचस्प कहानी है नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोंगे के आश्रित ग्राम बीनागुंडा की. यहां एक प्राथमिक शाला है जिसमें सरकार ने एक शिक्षक जैनूराम को नियुक्त किया है. जैनूराम केवल इतना करता है कि शासन से पुस्तकें प्राप्त कर उसे स्कूल भिजवा देता है. इसके अलावा वह मध्यान्ह भोजन का सामान गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था कर देता है. इसके अलावा वह संकुल प्रभारी, ब्लाक शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को संभाल लेता है. जैनूराम सेटिंग का मास्टर है इसलिए स्कूल आने की जरूरत उसे कभी महसूस नहीं होती. परेशान गांव वालों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए मैनू नूरूटी को शिक्षण की जिम्मेदारी सौंप दी. नूरूटी पांचवी पास है. पालक चंदा करके उन्हें वेतन देते हैं. नूरूटी ने उन्हें निराश नहीं किया. उन्होंने पांच क्लासों को पढ़ाने का रास्ता ढूंढ निकाला. छोटी क्लासों को पढ़ाने के लिए वो बड़ी क्लास के होनहार बच्चों की मदद लेते हैं. सुविधा के लिए उन्होंने बच्चों को दो समूह में बांट दिया है. एक में पहली से तीसरी तक के बच्चे हैं तो दूसरे में चौथी और पांचवी के. जब कभी नूरूटी स्कूल नहीं आ पाते तो होनहार बच्चे ही क्लास ले लेते हैं. अब इसकी तुलना उदयपुर के एक प्रायमरी स्कूल से करते हैं. इस स्कूल में 12 बच्चे हैं जिन्हें पढ़ाने के लिए एक प्रधान पाठक और दो शिक्षक नियुक्त हैं. जर्जर होने के कारण यहां के शाला भवन को ढहा दिया गया है. बच्चे अब खुले आसमान के नीचे पढ़ते हैं. तीन-तीन सरकारी गुरुजी 12 बच्चों को बैठाने के लिए एक कमरे की व्यवस्था नहीं कर पाए हैं. एक तरफ नियमों से बंधे लाचार कर्मचारी हैं तो दूसरी तरफ एक बिंदास शिक्षक. समस्याओं का समाधान दोनों अपने-अपने ढंग से ढूढते हैं. आंख पर पट्टी और नाक में नकेल हो तो घोड़ा जल्द ही तांगे का होकर रह जाता है. यह भी एक तरह का कम्फर्ट जोन है. उसे न इधर-उधर का दिखता है और न ही वो देखना चाहता है. इस ढर्रे को तोड़े बिना नवाचार नहीं हो सकता. रही बात पढ़ाने की तो बिहार के सेलेब्रिटी मैथ्स गुरू रजनीकांत श्रीवास्तव जिस क्लास में पढ़ते थे, उसी क्लास के बच्चों को पढ़ाया करते थे. बीमारी ने आईआईटी की तैयारी छुड़ाई तो मैथ्स गुरू बन गए. आज उनके पढ़ाए 60 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में सफल होते हैं.



## संपादकीय

### दिल्ली में द्वंद्व

दिल्ली में उप-राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच जिस तरह से खींचतान की स्थिति बनी हुई है, वह कतई प्रशंसनीय नहीं है। यह न राजनीतिक रूप से उचित है, और न शासन-प्रशासन की दृष्टि से। एक भ्रम का माहौल बना हुआ है और उसकी गंभीरता समय के साथ बढ़ती चली जा रही है। दिल्ली और दिल्लीवासियों के नजरिये से समग्र मामले को देखा जाना चाहिए कि आखिर ऐसे भ्रम या सत्ता द्वंद्व से किसे लाभ होगा? दिल्ली देश की राजधानी ही नहीं, अनेक अच्छी राजनीतिक परंपराओं का शहर है और इसीलिए उसके बदलावों से देश में हर कोई लाभान्वित होता आया है। मशहूर शायर मिर्जा गालिब दिल्ली के ही निवासी थे और उन्होंने एक शेर कहा था, हर एक बात पे कहते हो तुम कि तू क्या है/ तुम्हीं कहो कि ये अंदाज-ए-गुफ्तुगू क्या है। दिल्ली के शासकों-प्रशासकों के दिल में इस शेर की व्यंजना धड़कनी चाहिए। दिल्ली देश का दिल ही नहीं, चेहरा और शान है। दिल्ली को दुलार चाहिए, ताकि वही दुलार वह देश को लौटा सके। शासन-प्रशासन को अच्छी तरह पता है, दिल्ली की चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। ऐसा नहीं होने देना चाहिए कि बढ़ती आबादी के साथ चुनौतियां भी बढ़ती चली जाएं। उप-राज्यपाल के पास प्रशासनिक ताकत है, तो मुख्यमंत्री के पास जनादेश। जनादेश का मूल्य ज्यादा है और प्रशासनिक ताकत की अपनी सीमाएं हैं। यह लोकतंत्र है और यह देखना ही पड़ेगा कि अपने काम को लेकर आखिर किसे जनता के बीच जाना है? चुने हुए लोगों की कलम ऊपर रहनी ही चाहिए। मगर रुकने का नाम नहीं ले रहे आरोपों-प्रत्यारोपों पर भी नजर फेरिए, किसे अच्छा लगेगा? कोई किसी को हेडमास्टर बोल रहा है, तो कोई किसी पर राजनीतिक मुद्रा अपनाने के आरोप लगा रहा है। शासन-प्रशासन की आपसी खींचतान सड़क पर आ गई है, क्या लोग समझ नहीं रहे होंगे? भ्रामक और अपमानजनक टिप्पणी करने और निम्न स्तर का व्यवहार करने का आरोप किसे शोभा देता है? क्या ऐसे मुठभेड़ से बचा नहीं जा सकता? मुख्यमंत्री को उप-राज्यपाल के भवन तक मार्च निकालना पड़ता है और यह कहना पड़ता है कि 'आप चाहते, तो पांच मिनट के लिए बाहर आ सकते थे और हमसे मिल सकते थे। ...दिल्ली के लोगों को अपमान महसूस हुआ कि दिल्ली के उप-राज्यपाल ने दो करोड़ लोगों के प्रतिनिधियों से मिलने से इनकार कर दिया। यह खींचतान मिसाल न बन जाए। मिलकर समाधान निकालना चाहिए। संदेह नहीं कि आम आदमी पार्टी की सरकार अलग ढंग से काम करने की कोशिश कर रही है। कम समय में पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाकर खुद को स्थापित किया है। इस सरकार के लिए दूसरों से अलग, ज्यादा समन्वयकारी दिखना जरूरी है। यह तथ्य है कि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है और राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते इसे पूर्ण राज्य का दर्जा देने के अपने जोखिम हैं। अच्छी बात है, सुप्रीम कोर्ट ने बीते मंगलवार को ही प्रशासनिक नियंत्रण को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच विवाद पर सुनवाई फिर शुरू की है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पांच-न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई कर रही है। हम आने वाले दिनों में यथोचित समाधान की उम्मीद कर सकते हैं। तब तक के लिए शायर बशीर बद्र का शेर ध्यान रहे, दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे/ जब कभी हम दोस्त हो जाएं तो शर्मिंदा न हों।

> “ शासन-प्रशासन को अच्छी तरह पता है, दिल्ली की चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। ऐसा नहीं होने देना चाहिए कि बढ़ती आबादी के साथ चुनौतियां भी बढ़ती चली जाएं। उप-राज्यपाल के पास प्रशासनिक ताकत है, तो मुख्यमंत्री के पास जनादेश।

### हिन्दी हिन्दुत्व की भाषा नहीं

अब पृथ्वी पर कोई ऐसा देश नहीं है जो हमें परतंत्र बना सके। दुनिया में कोई ऐसा नहीं जन्मा, जो हमें गुलामी की जंजीरों में फिर जकड़ सके। जो लोग हमारे पड़ोसी पाकिस्तान से चिन्ता करते हैं कि वह अपने धर्म वाले छोटे-छोटे टुकड़े को मिलाकर हम पर हमला करेगा, यह भूल करते हैं। वे सब टुकड़े हमारी छोटी-छोटी तहसीलों के भी बराबर नहीं हैं। फिर आज की लड़ाई लाठियों और तलवारों से नहीं लड़ी जाती। हमारा राष्ट्र बड़ा साधन-सम्पन्न है। स्वतंत्रता के बाद जो गड़बड़ी हुई उस पर उसने काबू पा लिया है। हम कह सकते हैं कि राष्ट्र ने पहली परीक्षा पास कर ली है।'' ये शब्द अ.भा. हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 35वेंअधिवेशन को समाप्त करते हुए राहुलजी (राहुल सांकृत्यायन) ने कही। आपने कहा- ''मनुष्य जब बना तब उसने भाषा सीखी और मनुष्यता उसमें तब जाग्रत हुई जब उसने भाषा के द्वारा साहित्य की अभिव्यक्ति करनी सीखी। साहित्य और भाषा मनुष्यता के समीप ले जाने वाली चीजें हैं। इसलिए साहित्यकारों की या कहें हिन्दी वालों की आज के युग में जिम्मेदारी बढ़ गई है। आज देश को एकताबद्ध करने के लिए, हमारे जनों में मनुष्यता के भाव उत्पन्न करने के लिए हिन्दी की बड़ी भारी जिम्मेदारी है। हमें यहां से यह शपथ लेकर जाना है कि हम साल भर डटकर काम करेंगे। श्री माखनलाल चतुर्वेदी का भाषण- सम्मेलन के आज के अधिवेशन में 5 प्रस्ताव पास हुए। टंडनजी के कल के प्रस्ताव पर आज भी माखनलाल चतुर्वेदी का ओजस्वी भाषण हुआ। आपने हिन्दी वालों को चेतावनी दी कि वे ''हिन्दी को हिन्दुत्व की भाषा न बनाएं। हिन्दी कभी भी सांप्रदायिक भाषा नहीं हो सकती।... देश की परिवर्तित स्थितियों में शासन, शिक्षण के लिए पारिभाषिक शब्दावली शीघ्र निर्मित की जाये। इस शब्दावली का मूल आधार संस्कृत और प्राकृत भाषाएं ही हों।'' इस आशय का एक प्रस्ताव सम्मेलन ने आज स्वीकार किया और स्थायी समिति को आदेश दिया कि वह केन्द्रीय और प्रांतीय सरकारों, मुख्य साहित्यिक संस्थाओं तथा विद्वानों का सहयोग प्राप्त कर भिन्न-भिन्न विषयों की पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण करे।

### ताओ ते किंग के संस्करण

यह एक किंवदंती है, जो चीनी पुस्तक ताओ ते किंग के प्रति एक जापानी भिक्षु के अनुराग को दर्शाती है। इस किताब पर वह भिक्षु इतना मुग्ध था कि उसने इसके छंदों को जापानी भाषा में अनुवाद कर प्रकाशित कराने के लिए धन जुटाने का फैसला किया। इस काम के लायक पर्याप्त धन इकट्ठा करने में ही उसे दस साल लग गए। लेकिन तभी जापान में प्लेग महामारी फैल गई और उस भिक्षु ने फैसला किया कि एकत्र धन का उपयोग बीमारों की सेवा के लिए किया जाए। जब हालात सामान्य हुए, तो एक बार फिर भिक्षु ने ताओ ते किंग के प्रकाशन के लिए जरूरी धन जुटाने का काम शुरू कर दिया।

आवश्यक धनराशि जोड़ने में भिक्षु को दस साल और लग गए, लेकिन जब उस किताब के छपने का वक्त आया, तभी देश में समुद्री तूफान आ गया और उसमें सैकड़ों लोग बेघर हो गए। तूफान ने उनके घर को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया था। एक बार फिर भिक्षु ने किताब के प्रकाशन के लिए जमा की गई धनराशि उन लोगों पर खर्च कर दी, जिनका सब कुछ इस कुदरती आपदा में तबाह हो गया था। इसके बाद दस साल और लग गए, मगर भिक्षु ने फिर से धन जुटा लिया और तब जाकर जापान के लोगों को ताओ ते किंग पढ़ने का सौभाग्य मिला। ज्ञानी लोगों का कहना है कि वास्तव में भिक्षु ने ताओ ते किंग के तीन संस्करण प्रकाशित किए, जिनमें से दो अदृश्य हैं और तीसरा मुद्रित रूप में पाठकों के लिए उपलब्ध। उसने अपने पड़ोस के लोगों की देखभाल की उपेक्षा किए बिना अपने लक्ष्य में भरोसा बनाए रखा।

**पाउलो कोएल्हो**

> “ नई मशीनों ने नौकरियां पैदा की हैं। कताई मशीनों के लिए ऑपरेटरों की दरकार रही, तो कंप्यूटर ने तकनीकविद पैदा किए। एआई और चैटजीपीटी से भी कुछ यही उम्मीद है।

# नई तकनीक आने और नौकरी जाने का फिर शोर

जसप्रीत बिंद्रा



चैटजीपीटी क्या हमारी नौकरी लील जाएगी? किसी भी नई तकनीक की आमद पर ऐसी आशंका निराधार नहीं। कपड़ा कारखाने में बतौर प्रशिक्षु काम करने वाले नेड लुड ने तो अपनी नौकरी पर खतरा जानकर 1779 में कताई मशीन ही तोड़ डाली थी, जिसने लुडाइट आंदोलन को जन्म दिया। 20वीं सदी के 'लुडवादी' भी यह समझते थे कि कंप्यूटर उनकी नौकरियां छीन लेंगे; 1970-80 के दशक में उन्होंने भारत में कुछ कंप्यूटर तोड़े, मगर कंप्यूटर से आई सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति ने लाखों रोजगार पैदा किए और भारत को तकनीकी-महाशक्ति के रूप में समृद्ध किया। इसके बाद कृत्रिम बुद्धिमता, यानी एआई का उदय हुआ, जिससे यह डर पैदा हुआ कि जो कुछ इंसान कर रहा है, वह मशीनें करने लगेंगी, पर अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। अब, डेल-ई (शब्दों को तस्वीर में बदलने की तकनीक) व चैटजीपीटी (बातचीत आधारित खोज को बढ़ावा देने वाला एआई मॉडल) के आगमन ने सवालों की नई लहर पैदा की है। मैं चैटजीपीटी बनाम रोजगार के विमर्श को चार नजरिये से देखता हूं।

पहला, ऐसी नौकरियां, जो चैटजीपीटी कभी नहीं छीन सकेगी एआई विशेषज्ञ काई फू ली लिखते हैं, वयस्कों की समझ के आधार पर कंप्यूटर बनाना आसान है, पर उसे एक साल के बच्चे का कौशल देना काफी मुश्किल। इसीलिए एआई पिकासो की तरह चित्र तो बना सकती है, लेकिन उन कामों को नहीं कर सकती, जो बच्चे करते हैं, जैसे- घुटने के बल रेंगना, गेंद को पकड़ना, लोगों की मंशा समझकर उसके करीब जाना या दूर भागना, दुलार महसूस करना। ली लिखते हैं, जिन कामों में प्यार, करुणा जैसी मानवीय भावनाएं जुड़ी हुई हैं, एआई उनमें कारगर साबित नहीं हो सकती। इसीलिए, यदि आप सेवा वाले पेशे में हैं, नर्स या देखभाल से जुड़े अन्य काम कर रहे हैं, तो आपकी नौकरी चैटजीपीटी से सुरक्षित है।

दूसरा, चैटजीपीटी जो रोजगार पैदा करेगी बेशक यह शुरुआती अनुमान है, लेकिन चैटजीपीटी में संभावनाएं बहुत ज्यादा हैं। असल में, प्रत्येक नई तकनीक ने नौकरियां पैदा की है। कताई मशीनों के लिए ऑपरेटरों की दरकार रही, तो कंप्यूटर ने तकनीकविद् पैदा किए। एआई और चैटजीपीटी से भी यही उम्मीद है। प्रोम्प्ट इंजीनियरिंग ऐसी ही एक विधा हो सकती है, जिसमें एआई से प्राप्त ज्ञान व अपनी विशेषज्ञता को मिलाकर प्रोम्प्ट इंजीनियर कुछ बेहतरीन रच सकता है। ऑनलाइन दुनिया में ऐसे अवसर आ भी चुके हैं। इसी तरह, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजर (एसईओ) और सर्च इंजन मार्केटर (एसईएम) जैसी भूमिका में भी लोग दिखेंगे, जो अपने ग्राहकों के लिए जरूरी खोज परिणाम ढूंढेंगे और उनका विश्लेषण कर ग्राहकों को संतुष्ट करेंगे। शोहरत बढ़ाने का ऑनलाइन प्रबंधन भी शुरू हो सकता है।

तीसरा, जिन नौकरियों में चैटजीपीटी इंसानी कौशल बढ़ाएगी चैटजीपीटी बेशक बढ़िया कंटेंट या कॉपी तैयार करती है, लेकिन कई बार यह भ्रमित भी कर देती है। मगर एक कॉपीराइटर चैटजीपीटी की मदद से शुरुआती सामग्री हासिल कर सकता है और उससे आपके अनुकूल कुछ बेहतरीन रच सकता है। प्रोग्रामर भी इसी तरह कोड तैयार कर सकते हैं। कलाकार और ग्राफिक्स डिजाइनर अपनी कला निखार सकते हैं। कंपनियां प्रारंभिक स्तर पर ग्राहक सेवा के काम में इसकी मदद ले सकती हैं। अनुवादक अपने अनुवाद को बेहतर बना सकते हैं और वकील पुराने मुकदमों की जानकारी हासिल करके अपनी शुरुआती दलील पेश कर सकते हैं। शोध-कार्यों में भी चैटजीपीटी मददगार हो सकती है। जाहिर है, संभावनाएं अनंत हैं, और यह कर्मियों को अधिक रचनात्मक व उत्पादक बना सकती है। चौथा, जिन नौकरियों को चैटजीपीटी लील लेगी अभी इसका तो सही-सही जवाब नहीं दिया जा सकता, क्योंकि जेनरेटिव एआई की यह शुरुआती अवस्था है, और मुमकिन है, आने वाले समय में हम इन मॉडलों की बहुतायत देखेंगे। तब शायद कुछ ऐसा होगा कि सभी नौकरियां छिन जाएंगी। मगर फिलहाल मैं सूचना सिद्धांत के जनक क्लॉड शैनन की इस पंक्ति से अपनी बात स्पष्ट करता हूं कि 'मैं एक ऐसे समय की कल्पना करता हूं, जब हम रोबोट्स के लिए वही होंगे, जो अभी कुत्ते इंसानों के लिए हैं, और मैं मशीनों की मदद कर रहा हूं।' मगर इसके लिए तो हमें काफी इंतजार करना होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# ऑक्सफैम रिपोर्टः अमीरों पर लगे ज्यादा टैक्स

राहुल लाल




भारत में आर्थिक असमानता की खाई और चौड़ी हो गई है। ऑक्सफैम-2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश के 1त्न अमीरों के पास 40 प्रतिशत आबादी से ज्यादा संपत्ति है। रिपोर्ट के अनुसार 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, वहीं 2022 में यह आंकड़ा 166 पर पहुंच गया। इस तरह दो वर्ष में देश में 64 अरबपति बढ़ गए। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि कुछ लोगों की संपत्ति में भारी वृद्धि हुई है, तो करोड़ों लोग और भी गरीब हुए हैं। आय असमानता कल्याणकारी राज्य की सबसे बड़ी विडंबना है।

भारत में असमानता को कम करने के लिए संविधान के नीति-निर्देशक तत्वों में विशिष्ट प्रावधान किए गए हैं। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 38(1) एवं अनुच्छेद 39 (1) असमानता को दूर करने के लिए सरकारों को स्पष्ट निर्देश प्रदान करता है। इसके बावजूद भारत में हाल के वर्षों में जिस तरह आर्थिक असमानता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, वह चिंताजनक है। सरकार को अपनी कर प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। हाल के समय में कॉरपोरेट टैक्स में कमी की गई, वहीं दूध-दही जैसी आवश्यक खाद्य वस्तुओं के जीएसटी में वृद्धि की गई। कॉरपोरेट टैक्स में कमी करते हुए सरकार ने कहा था कि इससे नये निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

लेकिन कंपनियों ने कॉरपोरेट टैक्स में छूट का लाभ तो लिया पर निवेश में कमी अभी चिंता का विषय बनी हुई है। 64 फीसदी जीएसटी 50 फीसदी गरीब दे रहे हैं, जबकि अमीर केवल 10 प्रतिशत। स्पष्ट है कि अप्रत्यक्ष करों के संदर्भ में सरकार को अत्यंत संवेदनशील होने की जरूरत है। प्रगतिशील कर प्रणाली मूलतः आय आधारित होती है। प्रत्यक्ष कर में तो इसका पालन हो जाता है परंतु अप्रत्यक्ष कर की चपेट में देश का निर्धनतम व्यक्ति भी आ जाता है। इसलिए सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह जीवनोपयोगी वस्तुओं को जीएसटी के दायरे से बाहर रखे।

रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अरबपतियों की संपत्ति पर दो फीसदी टैक्स लगाया जाए तो तीन साल तक कुपोषण के शिकार बच्चों के लिए सभी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। भारत के 10 सबसे अमीरों पर एक बार 5 प्रतिशत कर लगाया जाए तो 1.37 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बजट से 1.5 गुना अधिक है। स्पष्ट है कि अमीरी-गरीबी के खाई को समाप्त करने के लिए सरकार को कॉरपोरेट टैक्स छूट पर पुनर्विचार करना चाहिए और अतिरिक्त प्रगतिशील संपत्ति कर अरबपतियों पर लगाना चाहिए। धन के पुनर्वितरण को अधिक न्याय-संगत बनाने के लिए वर्तमान नवउदारवादी मॉडल को 'नॉर्डिक आर्थिक मॉडल' से प्रतिस्थापित किया जा सकता है। नॉर्डिक आर्थिक मॉडल में सभी के लिए प्रभावी कल्याण, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का मौलिक अधिकार और अमीरों के लिए उच्च कर दर इत्यादि शामिल हैं।

आवश्यक है कि जहां विकास दर तीव्र हो, वहीं रोजगारोन्मुखी भी हो। देश बेरोजगारी और महंगाई की समस्याओं से जूझ रहा है। जब सामान्य लोगों की क्रय क्षमता कम हो तो महंगाई लोगों के जीवन स्तर को कम कर देती है। इससे अमीरी-गरीबी के खाई बढ़ती है। आर्थिक विषमता के खात्मे के लिए वंचितों के राजनीतिक सशक्तीकरण की भी आवश्यकता है। राजनीतिक सक्षमता वाले लोग बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा की मांग करके इन्हें प्राप्त कर सकेंगे। भारत में अधिकांश रोजगार असंगठित क्षेत्र में है, और वह क्षेत्र नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन से अब तक उभर नहीं पाया है। इसलिए आर्थिक समानता के लिए इस क्षेत्र पर जोर देना आवश्यक है।

दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञों में इस बात पर सहमति बढ़ रही है कि आर्थिक विकास समावेशी नहीं है, और उसमें टिकाऊ विकास के तीन जरूरी पहलू- आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण- शामिल नहीं हैं, तो वह गरीबी कम करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र के टिकाऊ विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में 10वें लक्ष्य का उद्देश्य बढ़ती असमानता को कम करना रखा गया है।

वर्तमान में आर्थिक असमानता से उबरने का सबसे बेहतर उपाय यही होगा कि वंचित वर्ग को अच्छी शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराते हुए सुदूरवर्ती गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। इसके लिए कल्याणकारी योजनाओं पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत है। अभी भी भारत में स्वास्थ्य पर कुल जीडीपी का केवल 1 से 1.5 फीसदी खर्च होता है जबकि यह कम से कम जीडीपी का 6त्न होना चाहिए। इसी तरह शिक्षा पर भी भारत में जीडीपी का 3त्न खर्च किया जाता है, जबकि नई शिक्षा नीति में सरकार ने स्वयं माना है कि शिक्षा क्षेत्र में कम से कम जीडीपी का 5 प्रतिशत खर्च होना चाहिए। भारत में क्षमता है कि वह नागरिकों को एक अधिकारयुक्त जीवन देने के साथ ही समाज में व्याप्त असमानता को दूर कर सकता है।

# 21 जनवरी को शनिश्चरी अमावस्याः ऐंती पर्वत पर लगेगा विशाल मेला

डीडी शाक्यवार

21 जनवरी 2023 को शनिश्चरी अमावस्या का महायोग है, इसदिन लोग पूजा, अनुष्ठान, दान पुष्य करके अपने कष्टो का निवारण करते है। शनिश्चरी अमावस्या पर मुरैना विकासखण्ड के ग्राम ऐंती पर विशाल मेला आयोजित होगा। विशाल मेला को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन व कलेक्टर अंकित अस्थाना ने व्यवस्थाओं को मूर्तरूप देने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी है। शनि का प्रभाव मानव जीवन में अच्छे से अच्छा तथा बुरे से बुरा देखने को मिलता है। उच्च का एवं स्वग्रही का शनि राज योग का कारक होता है। नीच का व शत्रु स्थान का शनि मनुष्य का अधोगति को ले जाता है। शनि के अनिष्ट फल में कर्जा एवं दरिद्रता मानव को ग्रसित करती है। जन्म पत्रिका के दशम एवं एकादश भाव का शनि शुभ फल कारक होता है। अन्य भावों में अशुभ फल कारक होता है।

### धरती के न्यायाधीश शनि

इस श्रृष्टि के संचालन में सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, राहू, केतु, शनि सहित 9 शक्तियां हैं, जो मानव व प्राणी मात्र को उनके पूर्व कर्मानुसार भाग्य का निर्माण कर उसे सुख-दुख देकर शुद्ध करते हैं। अच्छे बुरे कर्मों का फल देते हैं। इसमें 8 न्यायाधीश और एक सर्वोच्च न्यायाधीश है। सर्वोच्च न्यायाधीश पद पर शनि को नियुक्त किया गया है। भगवान शंकर ने यमराज को मनुष्य के कर्मों का लेखा-जोखा तथा शनिदेव को धरती पर जीवों को उनके अनुचित कर्मों का दण्ड कार्य सौंपा है। अपने गुरू की आज्ञा को शिरोधार्य कर शनिदेव पृथ्वी वासियों को उनके कर्मानुसार दण्डित व पुरस्कृत करने का कार्य करते हैं।

### शनिदेव का परिचय

पिता- सूर्यदेव, माता- छाया (सुवर्णा), भाई- यमराज, बहन- यमुना, गुरू- भगवान शिवजी, रंग- श्याम (नीला), स्वभाव- गंभीर, त्यागी, तपस्वी, हठी, क्रोधी, शनि के अन्य नाम- कोणस्थल, पिंगल, बभ्रू, सौरी, शनैश्वर, कृष्णमंद, रौद्र, अंतक, यम, दोस्त- काल भेरव, बुध, राहू, हनुमान जी, अधिपती- रात, प्रिय दिन- शनिवार, तिथि- अमावस, प्रिय वस्तुऐं- काली वस्तुऐं, काला कपड़ा, काला तिल, तेल, गुड़, काली उड़द।

### शनि की उत्पत्ति

धर्मग्रन्थों के अनुसार सूर्य की द्वितीय पत्नी छाया के गर्भ से शनिदेव का जन्म हुआ। शनि के श्याम वर्णन को देखकर सूर्य ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाया कि शनि मेरा पुत्र नहीं है, तभी से शनि अपने पिता से शत्रुभाव रखता है। शनिदेव ने अपनी साधना, तपस्या द्वारा शिवजी को प्रसन्न कर अपने पिता सूर्यदेव की भांति



शक्ति प्राप्त कीं। शिवजी के वरदान मांगने पर उन्होंने अपने माता के दुरूख, अपमान व प्रताडना के विषय में व्यक्त करते हुये कहा कि माता की इच्छा है कि मेरा पुत्र अपने पिता से अपमान का बदला ले और उनसे भी ज्यादा शक्तिशाली बने। इस पर भगवान शंकर ने उन्हें नवगृहों में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करते हुये कहा कि मानव तो क्या देवता भी तुम्हारे नाम से भयभीत रहेंगे।

### शनि यंत्र व मंत्र

ऊँ शं शनैश्चराय नमः, ऊँ सूर्यपुत्रो दीर्धदेहो विशालाक्षः, शिवप्रियः, मंदचार प्रसन्नात्मा पीडां हरतु में शनिः, ऊँ निलांजन समाभासं रवि पुत्रं यमाग्रजं। छाया मार्तण्डसंभूतं। तं नमामि शनैश्चरम। ऊँ शमग्रिभिः, करच्छन्नः, स्तपतु सूर्यः, शंवातोवा त्वरय अपस्निग्धाः, ऊँ प्रां प्रीं प्रौं सः, शनैश्चराय नमः है।

### शनिदेव की तेल से तृप्ति

हनुमान जी रामकथा के प्रेमी हैं। जहां पर रामकथा हो वहां वे सूक्ष्य रूप में अवश्य उपस्थित रहते हैं। एक बार हनुमानजी अपनी सुध-बुध खोये हुऐ हुए दशा में भक्तगणों के साथ रामकथा पर झूमते हुये शनिदेव ने देखा तो परीक्षा लेने की इच्छा से उन्होंने हनुमान जी से कहा कि मैं वीर और शक्तिशाली सूर्य का पुत्र व शिवभक्त हूं। कायरता छोडकर निडर होकर मेरे साथ युद्ध करो, मैं तुम्हे युद्ध के लिये ललकारता हूं। हनुमानजी ने शनिदेव की ललकार को स्वीकार कर अपनी पूंछ बढ़ाई और अहंकार से भरे शनिदेव को उसमें कस लिया। जिससे शनिदेव पूरी तरह बेवस व असहाय हो गये। इसी समय हनुमान जी ने कहा कि हे शनिदेव मेरी रामसेतु की परिक्रमा का वक्त हो गया, इसके पूर्ण होने के बाद मैं अपनी चुनौती का सामना करने के लिये प्रस्तुत हो पाऊंगा। इतना कहकर हनुमान जी दौड़कर परिक्रमा करने लगे। पूछ से बंधे शनिदेव पत्थरों व शिलाखण्डों से रगड़ खाकर लहूलुहान होकर घायल हो गये। उनकी अंतर पुकार सुन भक्तों को सुख देने वाले हनुमान जी ने कहा कि मैं तुम्हे मुक्त कर दूंगा, पर मेरे भक्तों को दुःख न पहुंचाने का वचन दो। शनिदेव ने वचन देते हुये उसे निभाने की प्रतिज्ञा भी की। शरीर की असहाय पीढ़ा से दुःखी शनिदेव उसी दिन से तेल मांगने लगे और तेल दाता पर प्रशन्न होकर आशीर्वाद देने लगे। भगवान शनिदेव की स्थापना के विषय में कई किवदंतियां कायम है। हालांकि पुरातत्व विभाग इसे त्रेतायुगीन मानता है। भगवान शनिदेव की प्रतिमा के विषय में ज्योतिषियों के अनुसार सर्वप्रथम किवदंति यह है कि त्रेतायुग में राजा दशरथ के राज्य में भगवान शनिदेव के प्रकोप से लगातार 12 वर्ष तक अकाल पड़ा। तब राजा दशरथ ने इस पर्वत पर भगवान शनि की तपस्या की। उस समय आसमान से एक उल्कापिण्ड गिरा जिससे यह प्रतिमा निर्मित हुई है। वहीं दूसरी किवदंति यह भी है कि लंका दहन के समय हनुमान जी द्वारा लंका में आग लगाई गई, लेकिन लंका जल नहीं रही थी, बल्कि उसका स्वर्ण और चमक गया। इससे चिंतित हनुमान जी ने दिव्य शक्ति से जब ज्ञात किया तो उन्हें पता चला कि लंका में शनिदेव हैं। हनुमान जी ने उन्हें खोज निकाला। रावण ने शनिदेव को अपने सिंहासन के पैरों तले दबा रखा था। हनुमान जी ने उन्हें अपने बुद्धचातुर्य से वहां से निकाला और लंका से जाने को कहा, लेकिन थोड़ी दूर तक चलने के बाद शनिदेव ने हनुमान जी से कहा कि दुर्बलता के कारण वह चल नहीं सकते और जब तक वह लंका में रहेंगे तब तक लंका का दहन नहीं हो पायेगा। इसलिये हनुमान जी उन्हें पूरे बेग से उत्तर दिशा की ओर फेंके। हनुमान जी ने भी ऐसा ही किया। हनुमान जी द्वारा फेंके गये शनिदेव इस पर्वत पर आकर गिरे, जिसे आज शनि पर्वत कहा जाता है, यहीं पर भगवान शनिदेव ने घोर तपस्या कर पुनरू शक्ति व बल प्राप्त किया।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# सूखा प्रभावित गांवों में भू-जल स्त्रोतों को चिन्हित करने सेटेलाईट रिमोट सेंसिंग से होगी मैपिंग

## तकनीकी विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र के मध्य हुआ एमओयू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के ऐसे इलाके जहां भू-जल स्तर की स्थिति अच्छी नहीं है, उन इलाकों में ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग के स्ट्रक्चर और सस्टनेबल ग्राउंड सोर्स का चिन्हांकन किया जाएगा, ताकि उन इलाकों में भू-जल संवर्धन के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर किया जा सके। छत्तीसगगढ़ सरकार द्वारा राज्य के सूखा मूलक गांवों में भू-जल विकास और उपयुक्त ग्राउंड वाटर सोर्स की पहचान करने के लिए अंतरिक्ष आधारित रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग करने की पहल शुरू कर दी है।

इसको लेकर छत्तीसगढ़ तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद केन्द्र के छत्तीसगढ़ अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र के मध्य एमओयू हुआ है। एमओयू हस्ताक्षर के दौरान छत्तीसगढ़ तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम.के. वर्मा, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार,



परियोजना संचालक अन्वेषक वैज्ञानिक एम. के. बेग एवं वैज्ञानिक अखिलेष त्रिपाठी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि तकनीक का बेहतर उपयोग सूखे की स्थिति से निपटने के लिए मददगार साबित हो सकता है। छत्तीसगढ़ के सूखा प्रभावित गांवों में भूजल विकास के लिए उच्च रिजोल्यूशन रिमोट सेंसिंग आधारित उपर्ग्रह चित्रों का उपयोग कर सूक्ष्म स्तरीय हाइड्रोजियोलॉजिकल अध्ययन किया जायेगा। इसकी मदद से सूखा प्रभावित गांवों की मैपिंग की जाएगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं परियोजना अन्वेषक श्री एम. के. बेग ने बताया कि इसके उपयोग से 1:10,000 स्केल पर मानचित्रण का कार्य किया जायेगा। पीएचई द्वारा ग्राम स्तरीय मानचित्रण के लिए 14 ब्लॉकों की पहचान की गई है, जिसके लिए रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीकी के माध्यम से ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग स्ट्रक्चर का चिन्हांकन किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इन मानचित्रों का उपयोग नये भू-जल स्त्रोतों के सृजन करने में भी किया जायेगा ताकि सूखा प्रभावित गांवों में ग्राउंड वाटर रिसोर्स की पहचान कर समस्या का समाधान किया जा सके। उपग्रह आंकड़े किसी क्षेत्र के भू-भाग में भू-जल उपलब्धता की स्थिति का एक संक्षिप्त चित्र उपलब्ध कराते हैं, जो किसी अन्य माध्यम या तकनीकी से संभव नहीं है। यह सूचना समय तथा मूल्य प्रभावी होने के साथ-साथ अधिक सटीक होती है उपग्रह चित्रों के प्रयोग द्वारा क्षेत्रीय नियंत्रण के साथ संरचनात्मक सूचनाओं का आसानी से सीमांकन किया जा सकता है।

# वैदिक मंत्रोच्चार और सामाजिक रीति रिवाज के साथ 146 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आज गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के 146 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयुष कॉलेज परिसर मरवाही में वैदिक मंत्रोच्चारण, सामाजिक रीति-रिवाज और पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना महंत थी।



समारोह की अध्यक्षता विधायक डॉ. के.के. ध्रुव ने की। डॉ. महंत ने नवविवाहित वर-वधुओं को बधाई देते हुए कहा कि गरीब परिवार के ऐसे लोग जो अपने पुत्र-पुत्री का धूम-धाम से विवाह नहीं कर पाते थे, उनके लिए सामूहिक कन्या विवाह योजना वरदान से कम नहीं है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस योजना के तहत राशि 15 हजार रूपए से बढ़ाकर 25 हजार रूपए कर दी है।

इससे गरीब परिवारों की बेटियों की चिंता दूर हो गई है। विशिष्ट अतिथि सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने भी वर वधुओं के लिए सुखी, प्रसन्न और अच्छे जीवन यापन की कामना की। विधायक डॉ. के.के. ध्रुव ने सभी अतिथियों, वर-वधुओं और उनके परिजनों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीब परिवारों को मदद मिल रही है। उन्होंने सभी वर-वधुओं के सुखमय जीवन की मंगल कामना की। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सभी वर वधुओं को परिधान, उपहार सामग्री और विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा मुख्य अतिथि ने सभी वर वधुओं को अपनी ओर से उपहार स्वरूप वस्त्र (शर्ट-साड़ी) और भगवान श्री राम दरबार की फोटो भेंट की। राइस मिल व्यापारी संघ की ओर से भी सभी नव दंपत्तियों को ब्लैंकेट भेंट किया गया।

समारोह में राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री उत्तम वासुदेव सहित कई जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, जिले के अधिकारी-कर्मचारी सहित वर-वधुओं के माता-पिता, रिश्तेदार और नागरिक उपस्थित थे।

## खास खबर

### एनपीएल लीग 23 के चैंपियन बने नगरीय निकाय संचालनालय

**रायपुर।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का समापन नवा रायपुर ग्राम राखी के खेल मैदान में संपन्न हुआ। इस आयोजन में नवा रायपुर स्थित विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवम् मंत्रालय से 33 टीमें शामिल हुए। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक श्री कमल वर्मा एवं सहसंयोजक श्री रामसागर कोसले ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को खेल गतिविधियों के माध्यम से उनके मानसिक और शारीरिक क्षमताओं में वृद्धि करना है। मंत्रीअमरजीत भगत ने फाइनल मैच के समापन अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों एवम् अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहां कि मंत्रालय एवम् विभागाध्यक्ष कार्यालयों के बीच खेले जाना वाला यह क्रिकेट टूर्नामेंट काफी प्रशंसनीय है। इस आयोजन से जहां शासकीय सेवकों को एक दूसरे से परिचय होने का अवसर मिलता है।साथ ही उनकी प्रतिभा को प्रदर्शन करने का मौका भी मिलता है। आयोजन समिति को लगातार पांच साल निर्विवाद आयोजन करने के लिए बधाई देते हुए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। प्रथम सेमी फ़ाइनल मैच नगरीय प्रशासन विभाग एवं संचालनालय कोष लेखा पेंशन मंत्रालय के मध्य खेला गया। नगरीय प्रशासन विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 81 रन बनाए। जिसके जवाब में कोष लेखा पेंशन विभाग द्वारा बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट में 60 रन ही बना पायी।इस तरह नगरीय प्रशासन ने 21 रनों से सेमी फ़ाइनल मैच अपने नाम कर लिया । इमरान को 18 रन बनाकर अति महत्वपूर्ण 3 विकेट लेने पर मैन आफद मैच खिताब दिया गया। प्रीमियर लीग का फाइनल मैच नगरीय प्रशासन विभाग एवम् रिहंद रॉयल्स मंत्रालय के मध्य खेला गया।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और शैलजा कुमारी ने कल्पतरू रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का किया भ्रमण

# मिलेट कुकीज और नवकलेवा राईस चिप्स का चखा स्वाद, की तारीफ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुश्री शैलजा कुमारी के साथ राजधानी रायपुर के सेरीखेड़ी स्थित कल्पतरु रूरल इंडस्ट्रियल पार्क पहुंचे। उन्होंने वहां महिला समूहों द्वारा संचालित बेकरी यूनिट, सिलाई यूनिट, नर्सरी, सीएमटीसी, सोलर ड्रायर, सोलर कोल्ड स्टोरेज, हर्बल गुलाल, चाक, फिनायल, सोप और मिक्सचर यूनिट का अवलोकन किया।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने वहां कार्यरत स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके जीवन में आये परिवर्तन की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं के आग्रह पर उनके साथ सेल्फी भी ली। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री को बेकरी यूनिट में काम कर रही महिलाओं ने बताया कि उनका समूह कोदो, कुटकी और रागी से बिस्कुट और कुकीज बनाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल और सुश्री शैलजा कुमारी ने कोदो से बने बिस्कुट का स्वाद चखा और कुकीज के स्वाद की सराहना की। उन्होंने महिलाओं के आजीविका मूलक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी।

सिलाई मशीन की इकाई में काम करने वाली श्रीमती ईश्वरी डहरिया ने बताया कि उनका समूह कपड़ा निर्माण का कार्य करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से टी शर्ट सिलाई के लिए आवश्यक मशीन की मांग की। उन्होंने बताया कि उनके समूह को इंटर लॉक सिलाई से कपड़े तैयार करने के कुछ आर्डर मिले थे, लेकिन मशीन नहीं होने से हम लोग यह काम नहीं कर सके। ईश्वरी ने उन्हें बताया कि इस यूनिट में काम कर रही महिलाओं को माह में 7 हजार रुपए की आमदनी होती है। चर्चा के दौरान ईश्वरी ने मुख्यमंत्री श्री बघेल से बीस बड़ी सिलाई मशीन और इंटर लॉक मशीन की मांग करते हुए कहा कि इससे हम लोगों को काफी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री द्वारा मशीन की कीमत पूछने पर उन्होंने बताया कि बड़ी सिलाई मशीन 28 हजार रुपए और इंटर लॉक मशीन 80 हजार रुपए की आती है। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही इस केंद्र के लिए बीस बड़ी सिलाई मशीन और इंटर लॉक मशीन देने की घोषणा की। महिलाओं ने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। इस पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताते हुए अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू को निर्देशित किया।

नर्सरी निर्माण यूनिट की श्रीमती यमुना ध्रुव ने बताया कि वे विगत 5 वर्षों से यहाँ कार्य कर रही हैं। इस इकाई में महिलाएं छोटे पौधे तैयार कर उसका विक्रय निजी नर्सरियों को करती है। जिससे 5 से 6 हजार प्रतिमाह आमदनी होती है। लक्ष्य महिला संगठन द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र सीएमटीसी इकाई की अध्यक्ष ने बताया कि यहां अब तक 195 प्रशिक्षण सत्र सम्पादित किये जा चुके हैं, जिससे 16 हजार 6 सौ महिलाओं को विभिन्न आयमूलक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्य से अब तक 1 करोड़ 20 लाख रुपए की आमदनी हुई है। जिसमें महिलाओं को 30 लाख रुपए का लाभ हुआ है। यहां 40 ट्रेनर प्रशिक्षण देते हैं। महिलाओं ने बताया कि आवासीय प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं के रहने और भोजन की अच्छी व्यवस्था की जाती है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बटन मशरूम को संरक्षित करने के लिए लगाए गए सोलर कोल्ड स्टोरेज यूनिट का निरीक्षण कर उसकी कार्यशैली की जानकारी ली।

रीपा में कार्यरत महिलाओं के बच्चों की देखरेख एवं पोषण के लिए स्थापित आंगनबाड़ी केंद्र पहुँचने पर आंगनबाड़ी केंद्र के मासूम बच्चों ने फूल भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। महिलाओं ने अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया और बताया कि यहाँ सुबह 09 बजे से शाम 5 बजे तक महिलाएं कार्य करती हैं। इस दौरान उनके बच्चों को आंगनबाड़ी में बुनियादी शिक्षा एवं पोषक आहार भी प्रदान किया जाता है। मिक्सचर यूनिट के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री बघेल और सुश्री शैलजा कुमारी ने महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे नवकलेवा राईस चिप्स की प्रक्रिया की जानकारी ली। महिलाओं के आग्रह पर अतिथियों ने राईस चिप्स का स्वाद भी लिया।

# महिलाओं को प्रशिक्षित कर गौठानों के मल्टीएक्टिविटी कार्य से जोड़े : रामकुमार पटेल



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य शाकम्भरी बोर्ड अध्यक्ष श्री रामकुमार पटेल ने उद्यानिकी विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इसमें उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि गौठानों में मल्टीएक्टिविटी के कार्य जैसे मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन तथा स्माल नर्सरी जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

महिला स्व-सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें इन कार्यों से जोड़ा जाए। इनसे उन्हें रोजगार प्राप्त होगा, वे आत्मनिर्भर होंगे और उनकी आय में बढ़ोतरी भी होगी।

श्री पटेल ने मुख्यत: समस्त फ्लैगशिप योजनाओं के प्रगति की समीक्षा के दौरान बाड़ी निर्माण की अद्यतन जानकारी ली। साथ ही गोठान में तैयार विभिन्न उत्पादों का विभिन्न संस्थाओं में खपत हेतु लिंकेज के तहत सामुदायिक बड़ी से प्राप्त उत्पाद के विक्रय पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपडेट रहें और टीम भावना से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पित होकर कार्य करें। बैठक में गोठानों में फल, पौध रोपण की स्थिति, वर्मी कम्पोस्ट क्रय तथा धान के बदले अन्य फसल लिए जाने की योजना की प्रगति की जानकारी ली गई और बाड़ी निर्माण के क्षेत्र किए गए कार्यों की सराहना भी की गई। बैठक में शाकम्भरी बोर्ड के सदस्य अनुराग पटेल, पवन पटेल, हरिराम पटेल, दुखवा पटेल, उद्यानिकी विभाग के संचालक माथेश्वरन व्ही, अपर संचालक भूपेन्द्र कुमार पांडेय, संयुक्त संचालक व्ही के चतुर्वेदी, संयुक्त संचालक (वित्त) अरविंद कुजूर, सयुक्त संचालक एम. पी. अवधिया, शाकंभरी बोर्ड के सचिव सी. डी. सिंह एवं समस्त जिले के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 25 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इस समारोह के द्वारा 17-18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले लोगों में पंजीयन हेतु जागरूकता पैदा करना है।उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर वन विभाग के ऑक्शन हॉल में दोपहर 1 बजे से किया जायेगा एवं प्रत्येक मतदान केन्द्र पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा।

मतदाता दिवस कार्यक्रम में 18 से 19 वर्ष के नए मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र प्रदान करना, प्रत्येक विधानसभा से अच्छे कार्य करने वाले बूथ लेवल ऑफिसर को पुरस्कृत करना,स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता करने वाले अच्छे नोडल प्राध्यापक को पुरस्कृत करना,उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाना, इत्यादि कार्यक्रम शामिल है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु जिले के दोनों अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राजिम / देवभोग, तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, गरियाबंद / राजिम / छुरा मैनपुर/ देवभोग तथा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गए है तथा नये मतदाताओं सहित सभी नागरिकों को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## दिव्यांग विद्यार्थियों को नि:शुल्क उपकरण वितरण

**गरियाबंद।** कम्पोजिट रीजनल सेंटर फार स्किल डवलपमेंट रिहेबिलिटेशन एंड इम्पायरमेंट ऑफ पर्सन विथ डिसएबिलिटी केंद्र राजनांदगाँव के द्वारा 18 जनवरी 2023 को दिव्यांग बालक बालिकाओ को 14 व्हील चेयर, 52 हियरिंग एड्स एवम 11 ब्रेल कीट वितरण जिला शिक्षा अधिकारी डी एस चैहान,जिला मिशन समन्वयक श्याम कुमार चंद्राकर,समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर के मौजूदगी में किया गया। इस कार्यक्रम में 2 लाख 5 हजार 460 रूपये की उपकरण कीट वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी चैहान ने विद्यार्थियों को कीट के महत्व के बारे में जानकारी दी।









# लघु धान्य फसलें पौष्टिकता के कारण आज अमीरों के भोजन में शामिलः मंत्री चौबे

## कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर ''खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु लघु धान्य फसले'' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कोदो, कुटकी, रागी जैसी लघु धान्य फसलों के पोषक मूल्यों तथा औषधीय गुणों के कारण वैश्विक स्तर पर दिनो-दिन इनका महत्व बढ़ता जा रहा है। पहले इन फसलों को गरीबों की फसल कहा जाता था लेकिन अपने गुणों के कारण आज यह अमीरों के भोजन का प्रमुख अंग बन गई है। यह बात कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कही। कृषि मंत्री इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 37वें स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित ''खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु लघु धान्य फसले'' राष्ट्रीय कार्यशाला में अपना सम्बोधन दे रहे थे।



उन्होंने कार्यशाला का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में इन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा कोदो, कुटकी एवं रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी किये जाने की पहल की गई है। राज्य मिलेट मिशन के तहत वर्ष 2026-27 तक इन फसलों के रकबे में 1 लाख हैक्टेयर की वृद्धि करने का लक्ष्य रखा गया है, राज्य के किसानों के रूझान को देखते हुए लगता है कि यह लक्ष्य अगले वर्ष ही हासिल कर लिया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि श्री चौबे ने लघु धान्य फसलों की नवीन प्रजातियों के विकास एवं उन्नत उत्पादन तकनीकी के विकास के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यशाला में मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा, धरसींवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, राष्ट्रीय बीज विकास निगम, नई दिल्ली की अध्यक्ष सह प्रबंध संचालक डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी, छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिहं उपस्थित थे।

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सदियों से कोदो, कुटकी, रागी, सावां, चीना, कंगनी जैसी लघु धान्य फसलों का उत्पादन परंपरागत रूप से किया जाता रहा है। किसी भी प्रकार की भूमि में बहुत कम सिंचाई संसाधनों तथा बहुत कम लागत के साथ इन फसलों की खेती की जा सकती है। इन फसलों में मौसम की विपरित परिस्थितियों को सहने की क्षमता होती है तथा इनमें कीट-बीमारियों का प्रकोप भी बहुत कम होता है। लघु धान्य फसलों में सूखा सहने की अदभुत क्षमता होती है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को लघु धान्य वर्ष घोषित किया गया है। श्री चौबे ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य मिलेट मिशन प्रारंभ किया गया है जिसके तहत प्रदेश के 20 जिले शामिल किए गए हैं।

मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहा कि भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि दक्षिण ऐशियाई देशों में लघु धान्य फसलों की खेती नैसर्गिक रूप से होती रही है तथा यहां की आबो-हवा इन फसलों की पैदावार के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दशकों में लघु धान्य फसलों के स्थान पर धान गेहूं, दलहन एवं अन्य व्यवसायिक फसलों का उत्पादन बढ़ने से लघु धान्य फसलों का रकबा कम हुआ है लेकिन उससे एक बड़ा नुकसान यह हुआ है कि मौसम की विपरित परिस्थितियों में फसलें खराब होने से भुखमरी की नौबत आ रही है। इसका बड़ा उदाहरण इस वर्ष बाढ़ के कारण पाकिस्तान में गेहूं की फसल नष्ट होने के कारण वहां भुखमरी की उत्पन्न स्थिति है।

श्री शर्मा ने कहा कि लघु धान्य फसलें बहुत कम लागत और संसाधनों में किसी भी प्रकार की मिट्टी में कम अवधि में उगाई जा सकती हैं। ये फसलें प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति सहनशील होती है। लो कैलोरी डाईट होने के कारण यह मधुमेह, रक्तचाप एवं हृदय रोगियों के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के 30 हजार नालों को पुनर्जीवित कर उनके किनारें कोदो, कुटकी, रागी जैसी लघु धान्य फसलें उगाने का कार्य चल रहा है। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में मिलेट मिशन के तहत बहुत तेजी से काम चल रहा है। वर्ष 2026-27 तक 1 लाख 90 हजार हैक्टेयर में मिलेट उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है लेकिन जिस रफ्तार से लघु धान्य फसलों का रकबा बढ़ रहा है उससे लगता है कि यह लक्ष्य वर्ष 2023-24 में ही हांसिल कर लिया जाएगा।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा लघु धान्य फसलों के विकास एवं अनुसंधान में भी काफी कार्य किया जा रहा है और विश्वविद्यालय द्वारा कोदो, कुटकी तथा रागी की 9 उन्नत किस्में विकसित की गई हैं जिनमें - इंदिरा कोदो-1, छत्तीसगढ़ कोदो-2, तथा छत्तीसगढ़ कोदो-3, छत्तीसगढ़ कुटकी-1, छत्तीसगढ़ कुटकी-2 तथा छत्तीसगढ़ सोन कुटकी, इंदिरा रागी-1, छत्तीसगढ़ रागी-2 तथा छत्तीसगढ़ रागी-3 शामिल हैं।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में लघु धान्य फसलों के उत्पादन हेतु अनुसंधान एवं तकनीकी विकास, लघु धान्य फसलों के पोषक मूल्य तथा औषधीय गुणों पर अनुसंधान, लघु धान्य फसलों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, उत्पाद निर्माण तथा इन फसलों के बीज उत्पादन एवं वितरण हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर तथा इक्रिसेट हैदराबाद, भारतीय लघु धान्य फसल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद तथा राष्ट्रीय बीज निगम, नई दिल्ली के मध्य तीन समझौते भी निष्पादित किये गये। इन समझौतों पर राष्ट्रीय बीज निगम की ओर से अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी, अन्तर्राष्ट्रीय अर्धशुष्क कटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान (इक्रिसेट) की ओर से उप महानिदेशक डॉ. अरविंद कुमार तथा भारतीय लघु धान्य फसल अनुसंधान संस्थान की ओर से वैज्ञानिक डॉ. हरिप्रसन्न ने हस्ताक्षर किये। इन समझौतों पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिकगण तथा बड़ी संख्या में लघु धान्य फसल उत्पादक प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

## कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में किया मिलेट कैफे का लोकार्पण

कोदो, कुटकी और रागी से निर्मित इडली, दोसा, उपमा, खीर आदि व्यंजनों का मिलेगा स्वाद



**रायपुर।** कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित ''मिलेट कैफे'' का लोकार्पण किया। इस मिलेट कैफे में कोदो, कुटकी, रागी तथा अन्य लघु धान्य फसलों से निर्मित विविध व्यंजन- इडली, दोसा, पोहा, उपमा, भजिया, खीर, हलवा, माल्ट, कुकीज के साथ ही इनसे निर्मित छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन ठेठरी, खुरमी, अरसा, चाकोली, सेवई, पिढ़िया आदि आम जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा लघु धान्य फसलों से निर्मित अन्य उत्पाद भी विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे।

मिलेट कैफे आम जनता में लघु धान्य फसलों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा उनके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभ किया गया है। यह देश में किसी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किया जाने वाला प्रथम मिलेट कैफे होगा। इस मिलेट कैफे का संचालन कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर द्वारा किया जाएगा और यहां विभिन्न महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित लघु धान्य व्यंजनों का विक्रय किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लघु धान्य फसलों की पोषकता तथा स्वास्थ्यप्रद मूल्यों को दृष्टिगत रखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023 को मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। मिलेट कैफे के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, राष्ट्रीय बीज निगम, नई दिल्ली की अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं वैज्ञानिकगण उपस्थित थे।

## जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए हर टीका जरूरी



शासकीय अस्पतालों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में नि:शुल्क टीकाकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बच्चे के जन्म के साथ समय-समय पर उसका टीकाकरण करवाना आवश्यक है। नियमित टीकाकरण न करवाने वाले बच्चे जानलेवा बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं। जन्म से लेकर 16 साल तक की उम्र तक बच्चे के लिए हर टीका बहुत जरूरी है क्योंकि यह उसे कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. वी.आर. भगत ने बताया कि सम्पूर्ण टीकाकरण शिशुओं के जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा कवच का काम करता है। नियमित टीकाकरण से हम अपने समुदाय के सबसे अधिक जोखिमग्रस्त सदस्य नवजात शिशु को सुरक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि एक समय हजारों बच्चों की जान लेने वाली बीमारियां जैसे पोलियो, स्मॉल-पॉक्स आदि का उन्मूलन टीकाकरण के कारण किया जा सका है। आज टीकाकरण के कारण ही बच्चों में होने वाली अन्य बीमारियां भी उन्मूलन के कगार पर हैं।

### बच्चे की उम्र के अनुसार ऐसे लगवाएं टीके

डॉ. भगत ने बताया की शिशुओं को जन्म पर बीसीजी, ओपीवी-0, हेपेटाइटिस-बी-0 का टीका लगाया जाता है। छह हफ्ते या डेढ़ महीने का होने पर शिशु को ओपीवी-1, रोटा-1, एफआईपीवी-1, पेंटावेलेंट-1 और पीसीवी-1 का टीका लगाया जाता है। वहीं दस हफ्ते या ढाई महीने में ओपीवी-2, रोटा-2, पेंटावेलेंट-2 का टीका, 14 हफ्ते या साढ़े तीन महीने में ओपीवी-3, रोटा-3, एफआईपीवी-2, पेंटावेलेंट-3 और पीसीवी-2 का टीका, नौवें महीने में एमआर-1, पीसीवी-बूस्टर, एफआईपीवी-3, विटामिन-ए की प्रथम खुराक, 16-24 महीने में डीपीटी बूस्टर-1, ओपीवी-बूस्टर, एमआर-2, विटामिन-ए की द्वितीय खुराक एवं 5-6 साल में डीपीटी-बूस्टर-2, दस साल एवं 16 साल की उम्र में टीडी का टीका लगाया जाता है। गर्भवती महिलाओं को भी टीडी के दो टीके गर्भधारण के तुरंत बाद तथा उसके एक महीना बाद लगाया जाता है। ये सभी टीके शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क लगाए जाते हैं।

डॉ. भगत ने बताया कि टीकाकरण शिशुओं को टीबी, पोलियो, रोटावायरस दस्त, काली खांसी, टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी, खसरा, हिब-निमोनिया और मेनिनजाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों से बचाता है। टीका लगने के बाद शिशुओं को स्तनपान कराया जा सकता है। टीका लगे स्थान पर यदि सूजन हो तो उस पर ठंडे पानी की पट्टी रख सकते हैं। बीसीजी के टीका वाले स्थान पर डेढ़ से दो माह में छोटा सा फफोला होता है। इससे घबराएं नहीं। टीका लगाने के बाद किसी भी प्रकार की एलर्जी हो या बुखार आए तो स्वास्थ्य कार्यकर्ता या डॉक्टर के परामर्श से दवाईयां ले सकते हैं।

### प्रदेश में 10 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान 10 फरवरी को प्रदेश में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी। इस दिन एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली वितरित की जाएगी। 10 फरवरी को दवा खाने से रह गए बच्चों को माप-अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से नंदकुमारी के सपनों को मिली उड़ान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एक कन्वर्जेन्स योजना है। विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित योजनाओं में कौशल विकास हेतु पात्र युवाओं को एक ही मंच पर एकरूपता के साथ (जैसे कोर्स, प्रशिक्षण, मूल्यांकन, प्रमाण-पत्र इत्यादि) कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत अन्य प्रायोजित योजनाओं यथा श्रम, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, नगरीय प्रशासन, कृषि इत्यादि विभागों द्वारा प्रायोजित योजनाओं/कार्यक्रमों के माध्यम से भी कौशल प्रशिक्षण का संचालन तथा आवेदित युवाओं को योजनान्तर्गत नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जशपुर जिले में भी कौशल विकास प्राधिकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत सिलाई मशीन, कम्प्यूटर ऑपरेटर जैसे विभिन्न ट्रेडों का प्रशिक्षण प्रदान कर बेरोजगार युवक-युवतियों का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिले की कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कुरकुंगा की रहने वाली नंद कुमारी के रोजगार प्राप्त करने के सपने को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना ने सच कर दिखाया है। नंदकुमारी को योजना के तहत सिलाई मशीन आपरेटर के ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत हितग्राही का नियोजन केपीआर सुगर एण्ड ऐपेरल लिमिटेड, तिरूपुर में हो गया। जहां उन्हें अच्छे वेतन के साथ ही नि:शुल्क आवासीय सुविधा भी प्राप्त हो रही है।

## दर्शनार्थियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने आपसी तालमेल से करें कामः गुरू रूद्रकुमार

### गिरौदपुरी मेला का आयोजन 24 से 26 फरवरी तक

### गुरू गद्दीनशीन विजय गुरू की अध्यक्षता में मेला समिति की बैठक हुई आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के गिरौदपुरी धाम में प्रतिवर्ष लगने वाले तीन दिवसीय गुरूदर्शन मेले का आयोजन 24 से 26 फरवरी 2023 तक किया जायेगा। आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में जगतगुरू गुरू गद्दीनशीन विजय कुमार गुरू की अध्यक्षता में गिरौदपुरी मेला आयोजन समिति की आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मेले के आयोजन की तिथि का निर्धारण किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार, राज राजेश्वरी कौशल माता, राजमहंत गण सहित कलेक्टर रजत बंसल, एसपी दीपक झा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। उनके लिए बुनियादी सुविधाओं का बेहतर इंतजाम करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। सभी विभाग आपसी ताल-मेल के साथ काम करें और इस बड़े आयोजन को सफल बनाने में अपना सहभागिता निभाएं। उन्होंने मंदिर परिसर एवं गुरू घासीदास जन्मस्थली में पुराने जैतखाम की जगह मेला आयोजित होने से पूर्व नवीन जैतखाम बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में लाखों दर्शनार्थियों के मेले में समागम को देखते हुए तैयारियों के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श करते हुए मेले के सफल आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में विजय कुमार गुरू ने भी अपने विचार एवं सुझाव रखें। कलेक्टर रजत बंसल ने बैठक की कार्यवाही का संचालन करते हुए मेले के लिए प्रस्तावित की गई व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। मेले की तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कसडोल एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल को मेला अधिकारी एवं सह-मेला अधिकारी टुण्डरा तहसीलदार चित्रलेखा चन्द्रवंशी को नियुक्त किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में उन्हें सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य स्तर से डिप्टी कलेक्टरों एवं संयुक्त कलेक्टरों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखा गया है। मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पेयजल एवं निस्तारी जल की पर्याप्त इंतजाम रहेगी।

कलेक्टर बंसल ने बताया कि मेला स्थल पर स्थापित 30 लाख, 8 लाख एवं 75 हजार लीटर क्षमता के टैंक को साफ कराकर पानी भरना प्रारंभ हो गया है। मंदिर परिसर, महराजी, छातापहाड़ एवं पंच कुण्डीय में अलग से पानी टंकी की व्यवस्था रहेगी। मेले में तीनों दिन पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।

मेला में आये दर्शनार्थियों के लिए रियायती दर पर दाल-भात केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। मेले में प्लास्टिक के सामान में भोजन एवं अन्य सामग्री परोसने पर प्रतिबंध रहेगा। दोना पत्तल एवं लकड़ी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। मेला स्थल में दुकानों के आवंटन के लिए एक समिति बनाई गई है। मेला स्थल के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मेले के आयोजन के दौरान गिरौदपुरी धाम के 10 किलोमीटर की परिधि में कोई भी अवैध शराब दुकान का कारोबार नहीं होगा। इसके लिए आबकारी एवं पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं। पान, गुटखा एवं बीड़ी का विक्रय पर भी प्रतिबंध रहेगा। इस अवसर पर राजमहंतों और आयोजन समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने मेले के व्यवस्थित आयोजन के लिए सुझाव दिए। इस अवसर पर एसपी दीपक झा, जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जीन्स
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

## हंसिका मोटवानी की वेडिंग डॉक्यूमेंट्री का फर्स्ट लुक आया सामने

साउथ सेंसेशन हंसिका मोटवानी और सोहेल खतुरिया की शादी एक भव्य समारोह थी जिसने देश भर में सुर्खियां बटोरीं। और अब प्रशंसक उनकी शादी का हिस्सा बन सकते हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार इसको प्रदर्शित करेगा। हॉटस्टार के विशेष शो हंसिका का लव शादी ड्रामा में वह सब कुछ दिखाया जाएगा जो उस समय से लेकर अब तक हुआ – जैसे जब अभिनेत्री ने सोहेल के साथ शादी के बंधन में बंधने की घोषणा की, शादी के लिए इवेंट को अंजाम देने के लिए योजनाकारों, डिजाइनरों और परिवारों की सिर्फ 6 हफ्तों में तैयारी और फिर शादी, जो वास्तव में हर मायने में शानदार थी।

हंसिका और उसका परिवार उस स्कैंडल को भी संबोधित करेगा जो उनकी शादी से पहले सामने आया था। हंसिका ने हॉटस्टार स्पेशल्स शो के पहले लुक का खुलासा कर दिया है, जिसकी रिलीज की तारीख बहुत जल्द घोषित की जाएगी। कोई.. मिल गया और शाका लाका बूम बूम की अभिनेत्री ने हिंदी फिल्मों में एक सफल बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया और बाद में हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में व्यावसायिक हिट फिल्मों में प्रमुख भूमिका निभाई।

## अनुराग कश्यप की फिल्म ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत को मिला यू/ए सर्टिफिकेट

निर्देशक अनुराग कश्यप ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। वह एक निर्देशक होने के साथ-साथ एक एक्टर भी हैं। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत को लेकर चर्चा में हैं। अब इस फिल्म को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट के साथ मंजूरी दे दी है। अलाया एफ और करण मेहता अभिनीत यह फिल्म 3 फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत को आधुनिक प्रेम पर आधारित बताया जा रहा है। फिल्म को हाल ही में माराकेच के जेमा एल फना स्क्वायर में प्रस्तुत किया गया, जहां गिलर्मो डेल टोरो, पॉल श्रेड और जेम्स ग्रे जैसे दिग्गजों द्वारा अन्य शानदार फिल्मों के साथ फिल्म की स्क्रीनिंग की गई। बता दें, अनुराग और अमित त्रिवेदी ने एक साथ देव डी और मनमर्जिया फिल्म में म्यूजिक दिया है। अब इस फिल्म के लिए फिर से दोनों साथ आए हैं।

## गोविंदा के बेटे यशवर्धन की डेब्यू फिल्म का हिस्सा बनीं गणेश आचार्य की बेटी सौंदर्य

अभिनेता गोविंदा आज किसी पहचान के मोहताज नहीं रह गए हैं। उन्होंने अपने डांस, स्टाइल और कॉमेडी से लाखों दिलों पर राज किया है। पिछले लंबे वक्त से चर्चा है कि उनके बेटे यशवर्धन जल्द बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वह आओ ट्विस्ट करें नाम की फिल्म से डेब्यू करेंगे, जिसे गोविंदा खुद प्रोड्यूस करेंगे। एक रिपोर्ट का दावा है कि कोरियोग्राफर गणेश आचार्य की बेटी सौंदर्य आचार्य फिल्म में यशवर्धन के अपोजिट नजर आएंगी।

कहा जा रहा है कि यशवर्धन और सौंदर्य आचार्य की फिल्म को गणेश आचार्य डायरेक्ट कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। गौरतलब है कि यशवर्धन ने फिल्ममेकर साजिद नाडियाडवाला के साथ असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया है। उन्होंने ढिशूम, किक 2 और तड़प जैसी फिल्मो को असिस्ट किया है। गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा अपने बेटे यशवर्धन को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

## पठान की एडवांस बुकिंग शुरू, पहले दिन बिक गए एक लाख से ज्यादा टिकट

किसी भी फिल्म के बॉक्स ऑफिस अनुमान को लेकर निर्माताओं और विशेषज्ञों में बराबर का उत्साह हो, ऐसा कम ही देखने को मिलता है। खासकर, कोरोना वायरस महामारी के बाद बॉक्स ऑफिस ज्यादातर निर्माताओं के लिए मायूसी ही लेकर आया है। हालांकि, शाहरुख खान की पठान अब यह ट्रेंड तोड़ती हुई दिख रही है। गुरुवार को भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई और आंकड़ों ने हर किसी को चौंका दिया है। गुरुवार को चुनिंदा जगहों के लिए ही फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू की गई थी और इसमें फिल्म के करीब 1.17 लाख टिकट बिक गए। ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श के मुताबिक, गुरुवार रात तक पीवीआर में 51,000, आईनॉक्स में 38,500 और सिनेपॉलिस में 27,500 टिकट बुक किए गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों को पहले दिन की कमाई 39-41 करोड़ रुपये तक होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है।

तरण का मानना है कि पठान का पहला दिन ऐतिहासिक होगा। इसकी धमाकेदार ओपनिंग होगी। इस फिल्म के लिए जिस तरह का क्रेज दिख रहा है हालिया दिनों में ऐसा कमाल कोई फिल्म नहीं कर पाई है। केजीएफ -2 और वॉर के लिए ऐसा क्रेज देखने को मिला था, लेकिन इस बार यह वॉर से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि वह पहले दिन 40 करोड़ की कमाई की उम्मीद कर रहे हैं। यह और भी बढ़ सकता है। बाहुबली 2 अब तक सबसे बड़ी नॉन हॉलिडे ओपनर रही है। इस फिल्म ने पहले दिन 41 करोड़ रुपये कमाए थे। एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि पठान बाहुबली 2 का यह रिकॉर्ड तोड़ सकती है। फिल्म बुधवार को रिलीज हो रही है। इसके बाद गुरुवार को गणतंत्र दिवस है। ऐसे में फिल्म को पांच दिन का वीकेंड मिल रहा है।



# पत्तागोभी का जूस डाइट में करें शामिल, मिलेंगे ये 5 प्रमुख लाभ

पत्तागोभी कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है और इसका जूस अपनी डाइट में शामिल करने से आपको स्वास्थ्य संबंधित कई लाभ मिल सकते हैं। इसका कारण है कि पत्तागोभी का जूस अघुलनशील फाइबर, बीटा-कैरोटीन, विटामिन बी1, बी6, के, ई, सी आदि और जैसे कैल्शियम, आयोडीन, मैग्नीशियम, आयरन और सल्फर जैसे कई खनिजों से भरपूर होती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि पत्तागोभी के जूस का नियमित सेवन करने से क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं।

### कैंसर से बचाने में होता है प्रभावी

विशेषज्ञों के अनुसार, पत्तागोभी जूस में आइसोसायनेट्स नामक रासायनिक यौगिकों का एक समूह होता है जो शरीर में एस्ट्रोजन मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को तेज करता है और फेफड़े, प्रोस्टेट, पेट और स्तन कैंसर से सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। इसी तरह यह जूस कैंसर रोगियों में उपचार प्रक्रिया को भी तेज करता है। हालांकि, कैंसर रोगियों को डॉक्टर की सलाह के बाद ही इसे अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।

### वजन घटाने में भी मददगार

पत्तागोभी जूस प्राकृतिक रूप से आपका वजन घटाने में मदद कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें मौजूद अघुलनशील फाइबर जैसे सक्रिय यौगिक मेटाबॉलिज्म को तेज करके शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद कर सकते हैं। पत्तागोभी जूस के सेवन से भूख कम लगती है और ओवरईटिंग का खतरा भी कम हो जाता है। जूस की यही खासियत वजन घटाने में सहायक होती है।

### आंत से संबंधित समस्याओं का कर सकता है इलाज

पत्तागोभी के जूस का सेवन आंतों की विभिन्न समस्याओं का इलाज करने में भी मदद कर सकता है। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण ई.कोली और शिगेला नामक बैक्टीरिया से लड़कर कई तरह की आंत संबंधित समस्याओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। ये बैक्टीरिया आंतों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा इसमें ओलीनोलिक एसिड होता है, जो आंत की कार्यक्षमता को सुधारने में मदद कर सकता है।

### पेट के अल्सर से कर सकता है बचाव

हाई एसिड, तनाव, शराब के अधिक सेवन, धूम्रपान आदि के कारण पेट में अल्सर हो सकता है। पत्तागोभी जूस में मौजूद अघुलनशील फाइबर पेट में अल्सर होने की संभावना को काफी हद तक कम कर सकता है। अध्ययनों के अनुसार, पत्तागोभी जूस पेट की सूजन को कम करने और पेट के कई संक्रमणों को खत्म करने में मदद कर सकता है।

### शरीर को करता है डिटॉक्स

विषाक्त पदार्थों का जमाव होने से शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बन सकता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि शरीर को डिटॉक्स करने वाली चीजों का सेवन किया जाए। पत्तागोभी जूस एक प्राकृतिक क्लींजर है और इसका सेवन शरीर को डिटॉक्स करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा रोजाना एक गिलास पत्तागोभी का जूस पीने से हृदय रोगों से भी बचाव होता है।

# अच्छा सिला दिया सॉन्ग हुआ रिलीज, नोरा फतेही संग रोमांस करते आए नजर राजकुमार राव



इन दिनों बॉलीवुड में रीमेक गानों का बहुत चलन है। कई लोगों को पुराने गानों के रीमेक पसंद आते हैं तो कई लोग इन गानों की आलोचना करते हैं। लेकिन फिर भी, यह चलन जारी है। साथ ही अब एक और 90 के दशक का गीत रीक्रिएट किया गया है। यह गीत फिल्म बेवफा सनम का सदाबहार क्लासिक सॉन्ग अच्छा सिला दिया है। यह ओरिजिनल गीत सोनू निगम द्वारा गाया गया था और आज तक प्यार में डूबे हुए प्रेमियों और दिल टूटने वालों का पसंदीदा गीत माना जाता है। बता दें कि, इस गाने के रीमेक सॉन्ग में राजकुमार राव और नोरा फतेही नजर आने वाले हैं। इस गाने का टीजर बीते दिन जारी किया गया था और आज इस क्लासिक सॉन्ग को रिलीज कर दिया गया है।

आपको बता दें कि, इस गाने का टीजर टी-सीरीज द्वारा 18 जनवरी को रिलीज़ किया गया था और पूरा गाना आज 19 जनवरी को रिलीज किया गया है। टी सीरीज ने रीमेक सॉन्ग को टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, इश्क की इस बाजी में, किसकी जीत होगी और कौन जाएगा हार....अच्छा सिला दिया टीज़र आउट! गाना 19 जनवरी 2023 को रिलीज हो रहा है। सॉन्ग के बारे में बात करें तो, यह कहानी एक लव ट्राएंगल है, जिसमें राजकुमार राव अपनी प्रेमिका नोरा फतेही द्वारा धोखा दिए गए एक प्रेमी की भूमिका निभा रहे हैं। मूल गीत में टी-सीरीज के संस्थापक गुलशन कुमार के छोटे भाई भूषण कुमार और नम्रता शिरोधकर ने अभिनय किया था। यह 1995 की फिल्म स्वर्गीय गुलशन कुमार द्वारा निर्मित और निर्देशित की गई थी और विशेष रूप से इसके साउंडट्रैक के लिए एक बड़ी हिट बन गई थी। भूषण कुमार के एक अभिनेता के रूप में उनके छोटे से करियर में यह एकलौती हिट थी, इसके बाद वह जल्द ही फिल्मों से दूर हो गए।

गौरतलब है कि, गाने के रिलीज होने के कुछ ही घंटों में यूट्यूब पर इस सॉन्ग को एक मिलियन व्यूज मिल गए हैं। साथ ही, दर्शकों को ये सॉन्ग बेहद पसंद भी आ रहा है।

# 'गांधी गोडसे एक युद्ध' को मिला 'U' सर्टिफिकेट

फिल्ममेकर राजकुमार संतोषी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'गांधी गोडसे एक युद्ध' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 26 जनवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म को सेंसर बोर्ड ने सर्टिफिकेट के साथ पास किया है। अब फिल्म का रन-टाइम सामने आया है। इस फिल्म की लंबाई एक घंटा, 50 मिनट है। फिल्म में स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे की विपरीत विचारधारा की लड़ाई को दिखाया जाएगा।

'गांधी-गोडसे एक युद्ध' की कहानी असगर वजाहत और राजकुमार संतोषी ने लिखी है और मनीला संतोषी ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। जहां महात्मा गांधी का किरदार दीपक अंतानी निभा रहे हैं, वहीं चिन्मय मंडलेकर नाथूराम गोडसे के भेष में दिखाई देंगे। इस फिल्म के जरिए राजकुमार नौ साल बाद निर्देशन में वापसी करेंगे। निर्देशक की आखिरी फिल्म 'फटा पोस्टर निकला हीरो' 2013 में आई थी। बता दें, राजकुमार ने 'घायल' और 'दामिनी' जैसी फिल्में बनाई हैं।



# ब्लू कलर के डीपनेक आउटफिट में तमन्ना भाटिया ने बरपाया कहर, हुस्न के दीवाने भर रहे आहें

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस के रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियां बनी हुई हैं। कि एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया एक्टर विजय वर्मा को डेट कर रही हैं। वहीं, एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर लेटेस्ट ड्रेस देखकर फैंस उनकी बोल्डनेस पर हैरान हैं। मुंबई के एक अवार्ड शो में पहुंची तमन्ना भाटिया को ब्लू कलर के आउटफिट में देखकर हर कोई हैरान रह गया। ब्लू कलर की डीप नेक ड्रेस में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया बेहद ही सिजलिंग लग रही हैं। इस डीपनेक आउटफिट में तमन्ना भाटिया गजब की बला लग रही हैं, साथ ही एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। मैचिंग स्टोन गोल्डन मिक्स ईयरिंग्स के साथ गोल्डन हाई हील्स पहने नजर आ रही हैं। जिसमें एक्ट्रेस बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। मिनिमल मेकअप और पीच कलर की लिपस्टिक में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपनी इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही फैंस के बीच वायरल हो जाती हैं। तमन्ना भाटिया की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर अपना प्यार लुटा रहे हैं। साथ ही फैंस तस्वीरों पर तरह तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस अपने बोल्ड अंदाज से फैंस पर बिजलियां गिराने का काम करती हैं। वहीं, फैंस को उनका ये अंदाज काफी पसंद आ रहा है। हॉट आउटफिट में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया बहुत ही स्टाइलिश लग रही हैं। वहीं, उनका ये स्टाइल फैंस के दिलों में बस गया है।

# संजना सांघी ने पंकज त्रिपाठी और पार्वती थिरुवोथु के साथ फिल्म की शूटिंग की पूरी



**पंकज त्रिपाठी, पार्वती थिरुवोथु और संजना सांघी-स्टारर फिल्म फादर की शूटिंग एक व्यापक शेड्यूल के बाद पूरी हुई। जब हर कोई नए साल के उत्सव के रंगों का आनंद ले रहा था, तब अभिनेत्री कोलकाता में अनिरुद्ध रॉय चौधरी की शूटिंग में व्यस्त थीं।**

संजना ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट से कई बीटीएस तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इट्स ए रैप! इस एहसास को बयां करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। लेकिन कोशिश जरूर करनी चाहिए। उन्होंने फिल्म बनाने से जुड़े सभी लोगों की सराहना की।

संजना ने कहा, मवरिक रितेश शाह द्वारा लिखी गई इस अविश्वसनीय कहानी पर काम करने के पिछले कुछ महीनों में मुझे हर दिन याद दिलाया जाता है कि मैं जो करती हूं वह क्यों करती हूं। आगे अभिनेत्री ने कहा, अनिरुद्ध रॉय चौधरी - मुझे प्यार करने के लिए धन्यवाद, और प्रदर्शन के साथ, एक तरह से, जो मैं पहले कभी नहीं जानती थी।

सब कुछ बहुत अच्छा था, लेकिन हर कदम पर मेरा हाथ पकड़ने के साथ यह बहुत बेहतर हो गया। तुम मेरा सबसे बड़ा उपहार हो।पंकज त्रिपाठी ने मेरे रील पिता की भूमिका निभाई, और वह सब कुछ किया जो एक असली पिता करता। इस यात्रा के हर दिन मेरी रक्षा करने, सही करने, मार्गदर्शन करने और बिगाड़ने के लिए धन्यवाद। आपके अविश्वसनीय कौशल और आपके सुंदर दिल के साथ। पार्वती थिरुवोथु - ऐसा लगता है यह मिलन हमेशा होना ही था।अंत में अभिनेत्री ने कहा, समीमित्र दास, अनोश सरकार, बिदिशा कोहली, फोरम मजीठिया, रोहित चौहान और पूरी स्टार डायरेक्शन और प्रोडक्शन टीम, हर दिन आप लोगों के साथ यादें बनाना और इस फिल्म को बनाना भी एक खुशी रही है। और निश्चित रूप से, मेरी टीम, मेरी रीढ़ है। अनिरुद्ध रॉय की अनटाइटल्ड अगली फिल्म के अलावा, संजना धक धक में रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा और फातिमा सना शेख के साथ नजर आएंगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### छग निषाद समाज का 21वां युवक युवती परिचय सम्मेलन कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज का 21वां राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन 22 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित किया गया है। उक्त सम्मेलन शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। युवक युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, एमआर निषाद, अध्यक्ष मछुवा कल्याण बोर्ड, विकास उपाध्याय, सुशील सन्नी अध्यक्ष श्रम विभाग, गिरीश देवांगन अध्यक्ष खनिज निगम, एजाज ढेबर महापौर एवं संरक्षक गणेश केंवट संपादक निषाद टाईम्स के अलावा समाज के अन्य गणमान्य सदस्यगण शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रेसक्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में गणेश केंवट ने दी।

### रोको अऊ टोको के स्वयंसेवक ने गांव व मोहल्ला में जाकर लोगों को किया जागरूक

**सूरजपुर।** जिले के विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत संचालित आंगनबाडी केन्द्र चन्द्रमेढ़ा में नियमित टीकाकरण सत्र का आयोजन हुआ। इस सत्र को सफल बनाने हेतु स्वयंसेवक ने एएनएम से संपर्क कर लाभार्थियों की जानकारी लेकर यूनिसेफ द्वारा प्राप्त संचार सामग्री के माध्यम से गांव के प्रत्येक पारा मोहल्ला में संदेश देकर तथा लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें नियमित टीकाकरण कराने हेतु अनुरोध किया। इसके अलावा स्वयंसेवक द्वारा लाभार्थियों को नियमित टीकाकरण कराने के फायदे की जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही सत्र में उपस्थित गर्भवती महिलाओं और शिशुवती स्तनपान कराने वाली माताओं को रोको अऊ टोको के स्वयंसेवक ने नियमित टीकाकरण, पोषण, स्वच्छता, संस्थागत प्रसव तथा एनीमिया जांच से संबंधित पिको प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म दिखाकर जागरूक किया गया।

### गांवों में 23 से होंगी ग्राम सभाएँ

**कोरबा।** कोरबा जिले के सभी गांवो में 23 जनवरी से ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में वन अधिकार मान्यता पत्र के प्राप्त आवेदनों एवं जाति प्रमाण पत्रों के लिए प्राप्त आवेदनों का अनुमोदन किया जाएगा। साथ ही गांवों में निवासरत् बैगा-गुनिया का भी अनुमोदन किया जाएगा। प्रत्येक गांव में खेल मैदान के लिए आरक्षित जमीन का प्रस्ताव पारित किया जाएगा। इसके अलावा अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम सभाओं में छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध नियम 2022 का प्रत्येक ग्राम सभा में वाचन एवं व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध नियम 2022 के नियम 7 के तहत प्रत्येक ग्राम सभा में ग्राम सभा अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा।


### कोण्डागांव के कोकोड़ी में 140 करोड़ की लागत से बन रहा प्लांट

# मक्का प्रोसेसिंग प्लांट से बदलेगी किसानों की तकदीर

**प्रतिदिन 200 टन मक्का से तैयार होगा 80 हजार लीटर एथेनॉल**

**किसानों की सहकारी समिति करेगी प्लांट का संचालन**

श्रीकंचनपथ न्यूज





रायपुर। कोण्डागांव जिले में 140 करोड़ रूपए लागत से बन रहा मक्का प्रोसेसिंग प्लांट किसानों की तकदीर संवारेगा। राज्य सरकार के सहयोग से सहकारिता के क्षेत्र में यह पहला प्लांट कोण्डागांव जिले में इसलिए स्थापित किया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कोण्डागांव जिले में मक्का का सर्वाधिक उत्पादन होता है।

इस प्लांट के लग जाने से किसानों को मक्का का अधिकतम मूल्य मिलने की उम्मीद है। प्रोसेसिंग प्लांट के निर्माण का लगभग 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह प्लांट कोण्डागांव में ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। जिला प्रशासन द्वारा इसे जून 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार की उद्योग नीति में कृषि और वनोपज आधारित उद्योगों के स्थापना को विशेष प्राथमिकता श्रेणी में रखा गया है।

कोण्डागांव जिले के कलेक्टर श्री दीपक सोनी की पहल पर मक्का प्रोसेसिंग में आज स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, ग्रामीणों और अधिकारी-कर्मचारियों ने श्रमदान किया। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने कहा कि राज्य शासन की परिकल्पना के अनुरूप मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार इस मक्का प्रसंस्करण प्लांट को आगामी जून 2023 तक पूर्ण करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध होकर पहल कर रही है। उन्होंने इसे सकारात्मक प्रयास बताते हुए प्रोसेसिंग प्लांट अधोसंरचना निर्माण को मूर्त रूप देने में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं सीईओ जिला पंचायत श्री प्रेम प्रकाश शर्मा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण और मक्का प्रसंस्करण प्लांट निर्माण से जुड़े एजेंसियों के प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

#### किसानों के अंश पूंजी 7.06 करोड़ रूपए

स्टेट प्रोजेक्ट फाईनेंस कमेटी द्वारा मक्का से एथेनॉल निर्माण के लिए प्रोसेसिंग प्लांट को फिजीबल पाया गया था। लगभग 140 करोड़ की लागत से बन रहे इस प्लांट के निर्माण में किसानों ने 7.06 करोड़ रूपए की अंश पूंजी का योगदान दिया है। इसी प्रकार मंडी बोर्ड द्वारा 21.19 करोड़ रूपए और राज्य शासन द्वारा 35.32 करोड़ रूपए और सहकारी संस्था के स्वयं की निधि से 2.10 करोड़ रूपए तथा शेष 75 करोड़ रूपए बैंक ऋण के माध्यम से राशि जुटाई गई है।

#### मक्का उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन

कोण्डागांव जिले में समर्थन मूल्य पर मक्का उपार्जन के लिए 47 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। जिले के कोण्डागांव माकड़ी, फरसगांव, बड़ेराजपुर विकासखण्ड में मक्के का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। मक्का खरीदी का कार्य छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा किया जा रहा है। मक्का उत्पादक किसानों को राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 9 हजार रूपए प्रति एकड़ के मान से इनपुट सब्सिडी भी दी जा रही है।

#### कोण्डागांव जिले में 3.48 लाख मेट्रिक टन उत्पादन

कोण्डागांव जिले में बीते तीन-चार सालों में खरीफऔर रबी दोनों सीजन में मक्का उत्पादन को काफी बढ़ावा मिला है। प्लांट की स्थापना से उत्साहित किसान मक्का का रकबा साल दर साल बढ़ा रहे है। वर्तमान में कोण्डागांव जिले में प्रति वर्ष 3 लाख 48 हजार 127 मेट्रिक टन मक्का का उत्पादन होता है।

#### सहकारी समिति करेगी संचालन

ग्राम कोकोड़ी में तैयार हो रहे मक्का प्रोसेसिंग प्लांट का संचालन माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति द्वारा किया जाएगा। यह प्लांट ग्राम कोकोड़ी में 14 एकड़ शासकीय भूमि पर बन रहा है। इस प्लांट में मक्के की आपूर्ति के लिए लगभग 45 हजार किसानों का पंजीयन किया गया है।

कोण्डागांव जिले के ग्राम कोकोड़ी में बनाए जा रहे मक्का प्रोसेसिंग प्लांट में कूलिंग टॉवर और बॉसिंग वॉल सहित अन्य कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

# दुर्ग जिला प्रशासन के नवाचार बायोफ्लॉक मत्स्य पालन सिस्टम में 15 हजार मछलियां तैर रही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। विकासखंड धमधा के ग्राम पंचायत पथरिया में जिला प्रशासन, मत्स्य पालन के विस्तार के लिए बायोफ्लॉक सिस्टम द्वारा नवाचार कर रहा है। 15 हजार तिलापिया मछलियों के बीज से इसकी शुरुआत पथरिया के महिला ग्राम संगठन की 10 दीदियों द्वारा की गई है। जिसमें निषाद वर्ग से 7 महिलाएं कार्य कर रहीं हैं।**



पथरिया (डोमा) के गौठान में मछली पालन के लिए 7 लाख 50 हजार की लागत से बायोफ्लॉक का इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में 7 टंकियां बनाई गईं हैं व 50 हजार की अतिरिक्त राशि चारे (प्रोबायोटिक) व अन्य उपकरणों में खर्च की गई है। कोयतुर फिश फार्मिंग से ट्रेनिंग प्राप्त प्रशिक्षक ने दी है ट्रेनिंग- मतस्य विभाग की उपसंचालक श्रीमती सुधा दास ने बताया कि विभाग द्वारा ग्राम संगठन कार्यकर्ताओं को बायोफ्लॉक से संबंधित इंट्रेक्टिव ट्रेनिंग देने के लिए लोकल स्तर पर संबंधित कार्य करने वालों से संपर्क साधा गया।

जिसमें कुम्हारी की सुश्री वंदना सुरेन्द्र को प्रशिक्षण के लिए चुना गया। सुश्री वंदना सुरेंद्र कोयतुर फिश फार्मिंग से ट्रेनिंग ले चुकी हैं और कुम्हारी में स्वयं का बायोफ्लॉक का स्टार्टअप कर रही हैं। ग्राम संगठन की दसों महिलाओं को इंट्रेक्टिव तरीके से एक दिन का लाईव सेशन कराया गया है। उन्हें बायोफ्लॉक से संबंधित अपडेट निरंतर मिले इसके लिए उनका एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें समय-समय पर उन्हें विडियो और संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाती हैं। मछलियों के लिए बोरी तहसील का मार्केट तैयार- पथरिया में बोरी को नवीन तहसील का दर्जा दिए जाने के बाद यहां का स्थानीय मार्केट खपत के दृष्टिकोण से एक बड़े मार्केट के रूप में तब्दील हो चुका है। इसके साथ-साथ गांव में भी और नजदीकी हाट बाजारों में भी मछली की बिक्री की जा सकेगी। 04 क्विंटल मछली से साढ़े तीन लाख की शुद्ध कमाई 6 महीने में- बायोफ्लॉक की 7 टंकियों का निर्माण कराया गया है। जिसमें कुल 15 हजार मछलियों के बीज डाले गए हैं। प्रत्येक मछली लगभग 500 ग्राम से लेकर 1 किलोग्राम वजन के लिए बढ़ाई जाएगी। अनुमानित आंकड़ा लगभग 4 क्विंटल के करीब है। जिससे शुध्द कमाई का आंकड़ा लगभग साढ़े तीन लाख होने की उम्मीद है।

बर्ड नेट, डिसोल्व ऑक्सीजन, फ्रेश वाटर, सॉल्ट वाटर, टेस्टिंग किट व टीडीएस मीटर से सुसज्जित है बॉयोफ्लॉक- पथरिया के बॉयोफ्लॉक टैंक सिस्टम को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के लिए इसमें विभिन्न प्रकार के उपकरण लगाए गए हैं। क्योंकि मछलियां पानी के अंदर समान्यत: डिसोल्व ऑक्सीजन को ग्रहण करती हैं, इसलिए डिसोल्व ऑक्सीजन टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई गई हैं।

# शिक्षकों ने जाना स्वस्थ जीवन शैली के लिए योगाभ्यास का महत्व



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शिक्षकों को स्वस्थ जीवन शैली और योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली का महत्व समझाने और योगासनों की जानकारी के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्था के द्वारा रायपुर के निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल सिंह ग्रामीण विकास संस्थान प्रशिक्षण केंद्र में संभागीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में दुर्ग संभाग के विभिन्न जिलों से आए लगभग 106 शिक्षकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के चौथे दिन को योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए तथा शिक्षकों को योग का महत्व समझाया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। प्रशिक्षण केन्द्र में बस्तर, बिलासपुर, अंबिकापुर तथा रायपुर संभाग के शासकीय स्कूलों के शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है।

# समाधान शिविर से लोगों तक पहुंच रही है शासन की जनहितैषी योजनाएं- विधायक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। प्रशासनिक सुविधाओं की आम जनों तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रानू साहू की पहल पर वृहत चिकित्सा और समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज तमनार विकासखंड के ग्राम सराईडीपा (चितवाही) में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक लैलूंगा श्री चक्रधर सिंह सिदार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।**




श्री सिदार ने इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन लगातार जन हितैषी योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। जिससे सभी वर्गों को लाभ मिला है। शासन के किसानों, श्रमिकों और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में विशेष कदम उठाए हैं। समर्थन मूल्य में धान उपार्जन के साथ कृषि आदान सहायता से किसानों की स्थित पहले से मजबूत हुई है। श्रमिकों के लिए योजनाओं के साथ ही भूमिहीन श्रमिकों के लिए योजना तथा महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार से जोडऩे के लिए भी योजनाएं चल रही हैं। सुपोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लगातार कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा वृहत समाधान और स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जा रहा है। साथ ही लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उससे लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा यहां पहुंचकर लोगों का इलाज भी किया जा रहा है,जो कि एक सराहनीय पहल है। सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा ने इस मौके पर शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर श्रीमती रानू साहू की पहल पर आयोजित यह जिला प्रशासन के सभी विभागों का एक सामूहिक शिविर है जिसमें पहले शिविर स्थल के पास के पंचायतों में विभागों द्वारा सर्वे किया जाता है। जिसके पश्चात लोगों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाता है। शिविर के दिन भी सारे विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहते हैं और वे प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हैं। यहां स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम भी मौजूद रहती है जो गंभीर बीमारियों की नि:शुल्क स्क्रीनिंग करती है। जिससे स्थानीय स्तर पर ही लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले।

वृहत समाधान शिविर में अध्यक्ष जनपद पंचायत तमनार श्रीमती सरिता कमल राठिया, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बूढ़ा गौंटिया, श्रीमती विद्यावती सिदार, बिहारी पटेल, एसडीएम घरघोड़ा रोहित सिंह, तहसीलदार अनुज पटेल, सीईओ जनपद एसके मरकाम सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में भू अर्जन के विभिन्न प्रकरणों के 161 हितग्राहियों को 15 करोड़ 31 लाख रुपए का चेक विधायक लैलूंगा श्री चक्रधर सिंह सिदार ने सौंपे। इसके साथ ही विभिन्न योजना के अन्य हितग्राहियों को भी उन्होंने योजनांतर्गत प्रदान की जाने वाली सामग्री सौंपी। गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट दिए गए वहीं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उन्होंने प्रदान किया।

# सिटी बस संचालन से आमजन को कम खर्च में मिलेगी सुविधाजनक यात्रा की सुविधा - राजस्व मंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि सिटी बसों के संचालन से आमनागरिकों को कम खर्चे में सुविधाजनक यात्रा प्राप्त होगी, कोरोनाकाल के दौरान सभी व्यवस्थाओं में व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा तथा सिटी बसों का संचालन भी स्थगित हुआ, आज पुन: सिटी बसों का संचालन प्रारंभ किया गया है। उन्होने कहा कि इनका संचालन व्यवसायिक न होकर सेवाभावना के साथ किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं कम खर्च में प्राप्त हो सके।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज सिटी बसों के पुर्नसंचालन व शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर कही। बहुप्रतीक्षित सिटी बसों का संचालन आज से पुन: प्रारंभ कर दिया, वर्तमान में 06 रूट पर 10 सिटी बसें चलाई जाएंगी, आज प्रतीक्षा बस स्टैण्ड सरदार वल्लभभाई पटेल नगर जमनीपाली दर्री में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए सिटी बसों का संचालन प्रारंभ कराया, उन्होने हरी झण्डी दिखाई तथा बसों को गतंव्य हेतु रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, वहीं सभापति श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय सहित मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

सिटी बसों के संचालन से कोरबा शहर उसके उपनगरीय क्षेत्रों तथा नजदीकी शहरों तक आने जाने के लिए सिटी बसें अत्याधिक उपयोगी साबित होगी।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573


CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### दो महिला नक्सली समेत तीन माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ के बाद दो महिलाओं सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि इंडेनार गांव के जंगलों में दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ हुई।

सुरक्षाबलों ने बासगुड़ा-गंगालूर-किरंदूल इलाकों में वरिष्ठ माओवादी कैडरों की मौजूदगी के इनपुट पर एंटी नक्सल ऑपरेशन शुरू किया गया था। मुठभेड़ के बीच कुछ माओवादी भाग निकले वहीँ सुरक्षाबलों ने तीन लोगों नक्सलियों को पकड़ा जिनमे गुड्डू कुसरम, हुंगा आलवाम और इंडो शामिल हैं। कुसराम, जिसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम था, गंगालूर एलओएस सदस्य था।

### रिकवरी के लिए आए फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने महिला की कर दी पिटाई

**बिलासपुर (ए)।** तोरवा क्षेत्र में लोन रिकवरी के लिए आए फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने महिला की पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पर कर्मचारियों ने महिला की मां से भी मारपीट की। इससे घायल महिला ने घटना की शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

तोरवा क्षेत्र के देवरीखुर्द में रहने वाली यास्मिन परवीन निजी फाइनेंस कंपनी में काम करती हैं। उनकी ड्यूटी रायपुर ब्रांच में है। गुरुवार की रात वे रायपुर से अपने घर आईं। घर में उनकी मां रेहाना परवीन ने बताया कि लोन रिकवरी के लिए फाइनेंस कंपनी के एजेंट आए थे। उन्होंने रेहाना से गाली-गलौज की थी।

शुक्रवार की सुबह फाइनेंस कंपनी के रितिक गुप्ता, पुष्कर यादव, कृष्णा कश्यप उनके घर आए। उन्होंने लोन के एक लाख 30 हजार रुपये की रिकवरी की बात की। इसी दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने महिलाओं को गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर महिला से मारपीट की। कर्मचारियों ने बीच-बचाव के लिए आए रेहाना से भी मारपीट की। आसपास के लोगों के आने पर कंपनी के कर्मचारी वहां से भाग निकले। महिला ने इसकी शिकायत तोरवा थाने में की है।

### झगड़े के दौरान बीच-बचाव करने पर फल दुकान संचालक की पिटाई

**बिलासपुर।** सिविल लाइन क्षेत्र के झगड़े के दौरान बीच-बचाव करने पर युवकों ने फल दुकान संचालक की पिटाई कर दी। इसके बाद उसके घर में भी घुसकर की भी मारपीट की। इससे घायल युवक ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मुंगेली नाका चौक के पास 27 खोली ठाकुर पारा में रहने वाले विशाल ठाकुर अपने पिता के साथ फल दुकान चलाते हैं। गुरूवार की शाम चार बजे वे मोहल्ले में थे। इसी दौरान पास में रहने वाले सागर राजपूत के साथ आशीष तिवारी, नवीन कश्यप और राहुल कुलमित्र विवाद कर रहे थे। विशाल ने उनके बीच जाकर झगड़े को शांत कराया। इसके बाद वे घर लौट आए। रात नौ बजे के करीब आशीष अपने दोस्तों के साथ उनके घर आया। युवकों ने उनसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसका विरोध करने पर तीनों ने मिलकर विशाल पर डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। अपने आप को बचाने के लिए उन्होंने हाथ पांव चलाना शुरू किया। इससे उनके सिर में डंडे से चोट आई है।

# सूने मकान व दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश
# मर्डर केस में 16 साल सजा काट चुका है गिरोह का सरगना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के पाटन थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों ने लगातार हो रही चोरियों के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर मोबाइल शॉप एवं सुनसान मकानों, किराना दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह पूरी प्लानिंग के साथ काम कर रहा था। सब्बल से दुकानों का शटर उठाकर चोरी करते थे। खासबात यह है कि गिरोह का सरगना हत्या के केस में 16 साल की सजा काट चुका है। जेल के रहकर अन्य आरोपियों से दोस्ती हुई और जेल से छूटने के बाद गैंग बनाकर चोरी करना शुरू कर दिया। आरोपियों के पास से चोरी में प्रयुक्त 1 चार पहिया (तवेरा) व 3 दोपहिया वाहन जब्त किया गया है।



इस मामले में पकडे गए आरोपियों में अभिषेक जोसफ निवासी उतई, हितेश कुमार साहू निवासी उतई, घनश्याम राजपूत उतई व राजेश रात्रे निवासी पाटन शामिल है। इसमें से राजेश रात्रे हत्या के आरोप में जेल जा चुका है। 16 साल की सजा काटकर यह जेल से छूटा था। सभी को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड पर केन्द्रीय जेल दुर्ग भेजा गया है। आरोपियों के पास से लगभग 10 लाख रुपए का सामान बरामद हुआ है।

दुर्ग जिले के विभिन्न गांव में मोबाइल शॉप एवं सुने मकानों, बंद किराना दुकानों में चोरी होने की सूचना मिल रही थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश पर चोरों की तलाश शुरू की गई। इस दौरान संदेह के आधार पर एक संदिग्ध को पकड़ा गया। इस दौरान उसने अपना नाम अभिषेक जोसफ बताया। उसने बताया कि वह अपने साथियों हितेश कुमार साहू, घनश्याम राजपूत व राजेश रात्रे से उतई बस स्टैण्ड में मिलता था। 3 माह पूर्व तीनो मिलकर चोरी करने की योजना बनाई।

योजना अनुसार 1 दिसंबर की रात ग्राम कातरो चौकी मचांदूर के योगेश कुमार नारंग के घर से 22 बोरी धान, एलसीडी टीवी, सेटअप बाक्स, गैस चुल्हा व अन्य सामान का चोरी किया। इसके अलावा इसी रात कातरो के हितेश कुमार साहू के मोबाइल शॉप से 5 नग स्पीकर नया पुराना ,10 नग एवं हाथ घड़ी 30 नग बेल्ट, कनटोप , मोबाइल एसेस सिरिज व नगदी रकम चुराया। इसी प्रकार इसी प्रकार 10 जनवरी के ग्राम सहगांव थाना नंदनी नगर के किराना दुकान से खाने का तेल, उड़द दाल, अरहर दाल, दाल का खंडा, नारियाल तेल, नहाने व कपड़े धोने का साबुन, चायपत्ती, आटा, धूप, बिड़ी, शक्कर, आदि किराना सामान चोरी कर ले गया। ऐसे ही अन्य चोरियां भी की।

# पति ने शराब पीकर सो रही पत्नी से झगड़ा किया फिर कुल्हाड़ी से मारकर की हत्या

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। उसकी पत्नी शराब पीकर सो रही थी। इसी दौरान शख्स ने पहले झगड़ा किया। कहा- तूने इतनी शराब क्यों पी ली है। फिर कुल्हाड़ी से कई वार किए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बाद में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। मामला रैरूमाखुर्द चौकी क्षेत्र का है।

बाकारूमा गांव में सियाराम सारथी (46) अपनी पत्नी नेहा सारथी(35) के साथ रहता था। सियाराम घर का खर्चा चलाने के लिए खेती किसानी करता था। नेहा उसकी तीसरी पत्नी थी। पहले 2 पत्नियों की मौत हो चुकी है। इसके बाद सियाराम नेहा को अपनी पत्नी बनाकर उसके साथ रह रहा था।



### चावल लेने सोसाइटी गया था

बताया गया कि सोमवार को सियाराम चावल लेने सोसाइटी गया था। उसी दौरान दोपहर को नेहा कहीं से शराब पीकर आई थी। शराब पीकर आने के बाद वह घर के कमरे में सो रही थी। तभी सियाराम मौके पर पहुंच गया। यहां पहुंचने के बाद उसने नेहा को उठाया। मगर वह उठ नहीं रही थी। तब सियाराम ने कहा कि इतनी क्यों पी ली है। इसके बाद उससे झगड़ा करने लगा, झगड़ा इतना बढ़ गया कि सियाराम ने कुल्हाड़ी उठाकर महिला पर कई वार किए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

### हमला कर बाहर चला गया पति

घटना के दौरान महिला की भतीजी घर पर थी। महिला की आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंची। घटना के बाद सियाराम घर से बाहर चला गया था। कुछ देर बाद जब वह घर लौटा, तब महिला को काफी दर्द हो रहा था। इसके बाद उसे पास के अस्पताल में सियाराम ही लेकर गया था। वहां से महिला को रायगढ़ रेफर किया गया।

### पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

रायगढ़ में महिला का उपचार चल रहा था। मगर गुरुवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद उसकी भतीजी ने ही पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

#### 7 साल की स्टूडेंट से शादीशुदा युवक ने किया रेप

# बाजार से गांव छोड़ने के बहाने ले गया और मौका पाकर किया दुष्कर्म, आरोपी को उम्रकैद

**बिलासपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सात साल की स्टूडेंट से रेप करने के आरोपी युवक को फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश विवेक कुमार तिवारी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। करीब 13 महीने पहले शादीशुदा युवक बच्ची को बाजार से घर छोड़ने के बहाने अपने साथ ले गया और मौके का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला सामने आने पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जिस पर कोर्ट ने अब आरोपी को उसकी करतूतों की सजा दी है। मामला हिर्री थाना क्षेत्र का है।




हिर्री के पास गांव में रहने वाली वृद्ध महिला सब्जी बेचने का काम करती है। बीते 21 नवंबर 2021 को महिला दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली सात साल की पोती को लेकर सब्जी बेचने बाजार गई थी। महिला बाजार में सब्जी बेच रही थी। तभी ग्राम मोहदा निवासी भोलाराम उर्फ ढोलाराम निषाद (25) भी बाजार गया था। वह शादीशुदा है और घर में उसकी पत्नी व बच्चे भी हैं। उसे देख दादी के सब्जी बेचने के दौरान बच्ची घर जाने की बात कहने लगी, तब महिला ने बच्ची को भोलाराम के साथ साइकिल में गांव जाने के लिए भेज दी।

### घर ले जाने के बजाए मंदिर तरफले गया युवक और किया दुष्कर्म

इस दौरान भोलाराम बच्ची को साइकिल में बैठाकर ले गया। लेकिन, बच्ची को उसके घर छोड़ने के बजाए मंदिर तरफ ले गया और सूनसान जगह पर ले जाकर गलत काम किया। बच्ची ने इस घटना की जानकारी अपनी मां को दी। तब परिजन के साथ जाकर उन्होंने पुलिस में केस दर्ज कराया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

### कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

आरोपी युवक के गिरफ्तार होने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ साक्ष्य जुटाकर चालान पेश किया और इसके बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रायल चला। ट्रायल में आरोपी युवक पर दोष सिद्ध हुआ। शुक्रवार को कोर्ट ने आरोपी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक दिनेश सिंह ने पैरवी की।

# तीन दिन में तीन चेन स्नेचिंग: स्मृति नगर में लूट के बाद नाकेबंदी में धराया चोर, चोरी की चेन गिरवी रखता था शातिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में पिछले तीन दिनों में तीन चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चेन स्नेचिंग की घटना के बाद पुलिस की नाकेबंदी से बचने के लिए मोटर साइकिल की नंबर प्लेट को बदल देता था। सुपेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्मृत नगर में चेन स्नेचिंग के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाई और नाकेबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी ने 17 से 19 जनवरी के बीच तीन महिलाओं की चेन स्नेचिंग करना बताया और चोरी की चेन को फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखने की बात भी बताई।

बता दें 19 जनवरी को कृति चंद्राकर नाम की महिला अपनी मा के साथ स्कूटी में सुपेला से नेहरू नगर जा रही थी। इस दौरान फलकनुमा मस्जिद तालाब कोहका के पास एक बाइक सवार चालक प्रार्थीया की मां के गले से सोने का चैन लूट कर भागने लगा। हड़बड़ाहट मे प्रार्थिया चोर-चोर चिल्लाने लगी। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस ने सभी तरफघेराबंदी लगाकर आरोपी की तलाश मे लग गई। इसी दौरान जनसहयोग से पुलिस ने आरोपी जीत सिह उर्फजीतू को गुरूद्वारा रोड से पकड़ने मे सफलता हासिल की।




पूछताछ में आरोपी जीतू ने बताया कि 17 जनवरी 2023 को भिलाई में महाराणाप्रताप चौक के पास एक्टिवा मोटरसायकल में पीछे सवार महिला के गले से सोने का चैन लूटा व दूसरी बार 18 जनवरी 2023 को आकाश गंगा भिलाई पेट्रोप पंप के पास मोटर सायकल में पीछे बैठी महिला के गले से सोने का चैन लूटा था। महाराणा प्रताप चौक से लूटे चैन को मणिपुरण गोल्ड फाईनेंस भिलाई तथा आकाष गंगा भिलाई से लूटे चैन को मुथुट फाईनेंस कंपनी मालवीय नगर दुर्ग में गिरवी रख दिया। आरोपी के बयान के बाद पुलिस ने दोनों चेन बरामद कर लिए।

पुलिस ने घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल को जब्त किया है। आरोपी मोटर सायकल का रजिस्ट्रेशन नंबर बदल-बदल कर चोरी को अंजाम देता था। पुलिस को संदेह है कि आरोपी इस तरह के अन्य बहुत से मामलो मे संलिप्त होगा। जिसकी पूछताछ जारी है जिससे और भी मामलो के खुलासे होने की संभावना है। इस पूरी कार्रवाई में उक्त कार्रवाई में निरीक्षक दुर्गेश शर्मा थाना प्रभारी सुपेला, उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव चौकी प्रभारी स्मृति नगर, सउनि लेखपाल साहू आरक्षक मान सिंह, जयनारायण यादव, आशीष यादव, संजीव ओझा, नियाज खान, विवेक सिंह, अहफाज खान, गोविंद साहू, हिरा देशमुख आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# एक लाख रूपए की इनामी महिला नक्सली ने किया सरेंडर

**दंतेवाड़ा (ए)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एक लाख रुपये के इनामी नक्सली ने सुरक्षाबलों के समक्ष सरेंडर किया है। पुलिस ने बताया कि मंगली कवासी प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के कटेकल्याण क्षेत्र समिति में क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन (केएएमएस) की अध्यक्षा थी। कवासी जिले के कटेकल्याण इलाके में कई नक्सली घटनाओं में शामिल थी। उल्लेखनीय है कि जिले में जून 2020 से अब तक 581 नक्सलियों ने आत्मसर्पण किया है।




भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### शहर में 80 करोड़ की लागत के 500 से अधिक विकास कार्यों की विधायक ने की समीक्षा

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने शुक्रवार को महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर की मौजूदगी में शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं शासन से लाई गई राशि के जनहित में सदुपयोग हेतु निगम अधिकारी, कर्मचारियों की मैराथन बैठक लेकर शहरी क्षेत्र में लगभग 80 करोड़ की लागत से स्वीकृत 500 से अधिक छोटे बड़े विकास कार्यों की समीक्षा की। जिन कार्यों में वार्डों के आंतरिक विकास हेतु अधोसंरचना मद एवं विधायक, पार्षद निधि के 45 करोड़ के कार्यों के अतिरिक्त 14वें एवं 15वें वित्त व डीएमएफमद से स्वीकृत कार्य शामिल हैं। वोरा ने कहा कि वर्तमान में कांग्रेस सरकार द्वारा दुर्ग शहर के विकास को नई गति प्रदान करते हुए बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों के लिए जनभावनाओं के अनुरूप पर्याप्त राशि स्वीकृत की गई है जिन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए विभागीय कसावट लाने की आवश्यकता है। अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत राशि से वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाना है साथ ही बड़े विकास कार्यों को भी जल्द पूर्ण करना जरूरी है। जनता को समय पर गुणवत्तापूर्ण विकास कार्यों का लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्धता से फील्ड पर उतर कर कार्यों में तेजी लाई जाए।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन ने कार्य विभाजन व प्रभारी अधिकारी किये नियुक्त

**दुर्ग।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा जिला प्रशासन के सर्व विभाग प्रमुखों एवं कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व एवं कार्यभार सौंपा गया है। जिसमें अपर कलेक्टर अरविंद कुमार एक्का को संपूर्ण कार्यक्रम की जिम्मेदारी देते हुए प्रभारी नियुक्त किया गया है। 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस का आयोजन प्रातः 9:00 रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में प्रारंभ होगा। पूर्व की भांति इस बार भी स्कूली बच्चों का कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम का रिहर्सल 24 जनवरी मंगलवार को 9:00 बजे निर्धारित किया गया है जिसमें सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर अपने दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### मिसाल कायम की बेसहारा सुखबती बाई ने

**भिलाई ।** संस्था के संस्थापक प्रकाश गेडाम ने बताया कि आज मिसाल कायम की बेसहारा सुखबती 62 वर्षीय महिला ने शरीर दान कर आस्था वृद्धाश्रम की 62 वर्षीय श्रीमती सुखबती बाई पति राम किशन ने 2 साल पहले अपना शरीर दान करने की घोषणा की थी कि मेरे मरने के बाद में मेरा शरीर मटिया जलाने के बजाय रात होने के बजाय यह शरीर यह मेरा शरीर मेडिकल कॉलेज में दिया जाए क्योंकि मेरा दुनिया में कोई नहीं है और आप लोगों ने भी संस्था के कई लोगों ने अपना शरीर दान किया तो मैं क्यों पीछे हटो मैं भी अपना शरीर मरने के बाद मेडिकल कॉलेज में दूंगी ऐसा उन्होंने घोषणा की थी कल 18 तारीख को सुमति भाई का दुख हॉस्पिटल में बीमारी की हालत में देहांत हो गया।

# कांकेर जिले में रहने वालों ने कभी अपना शहर नहीं देखा बीएसएफ की पहल से अब चंडीगढ़ के लिए हुए रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। 14 वें आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम शुक्रवार को बीएसएफकी पहल पर आदिवासी युवक युवतियों का जत्था चंडीगढ़ के लिए रवाना हुआ। इन युवक-युवतियों को रवाना करने से पहले बीएसएफके सीमांत मुख्यालय रिसाली में प्रेस बीफहुई। इस दौरान आदिवासी युवक युवतियों ने खुलकर बात की। इनमें कई ऐसे भी हैं जो कांकेर जिला मुख्यालय तक कभी नहीं पहुंच पाए। यानि जंगल में रह रहे थे। अब बीएसएफकी पहल पर चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए।




बता दें नेहरू युवा केन्द्र संगठन, नई दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान मे 14 वां आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कांकेर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के इलाके से इस वर्ष कुल 14 भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिसमें 290 युवक एवं युवतियों को भारत भ्रमण कराया जाएगा। इसी के तहत कांकेर जिले के अति दुर्गम एवम् पिछड़े नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आए युवक एवं युवतियों के द्वितीय जत्थे को सीमा सुरक्षा बल सामरिक मुख्यालय छत्तीसगढ़ के महानिरीक्षक इंदराज सिंह ने दुर्ग रेलवे स्टेशन के.लिए रवाना किया। आदिवासी युवक एवं युवतियां ट्रेन से चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगे। इस जत्थे में 10 लड़कियां एवं 10 लड़कों सहित सीमा सुरक्षा बल के सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं। चंडीगढ़ में यह टीम विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होगी। इस मौके पर उपमहानिरीक्षक (इंटेलीजेंस) दिनेश मुर्मू ने आदिवासी युवक एवं युवतियों से संवाद किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को उनके उज्वल भविष्य तथा अधिकार के बारे में उचित व उपयुक्त जानकारी प्रदान की जायेगी। साथ ही साथ अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ेगा।

जिससे वे एक-दूसरे की खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेशभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही चंडीगढ़ के प्रसिद्ध,.दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

# फोर्टिफाइड राइस के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला पंचायत दुर्ग के सभाकक्ष में फोर्टिफाईड राईस के संबंध में जिले के राईस मिलर्स, खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती कस्तूरी पाण्डा, कार्यक्रम सहायक, विश्व खाद्य कार्यक्रम द्वारा फोर्टिफाईड राईस के उत्पादन, लायसेंसिंग, पैकेजिंग व लेबलिंग प्रक्रिया तथा क्वालिटी पैरामीटर्स की जानकारी दी गई।

भारतीय खाद्य निगम तथा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा 2024 तक शत् प्रतिशत् एफआरके चावल का उपार्जन किये जाने का लक्ष्य है। अतः राईस फोर्टिफिकेशन हेतु अनिवार्य लायसेंस यथा एफएसएसएआई लायसेंस, एफ इन्डोरसमेन्ट सर्टिफिकेट की प्रक्रिया से राईस मिलरों को अवगत कराया गया। इसके




अतिरिक्त फोर्टिफाईड राईस के उत्पादन के दौरान किये जाने वाले ऑयरन स्पॉट टेस्ट, ब्लेडिंग एफिशिएंसी टेस्ट की विस्तृत जानकारी दी गई तथा एफआरके राईस खरीदी करते समय ध्यान देने योग्य तथ्यों से अवगत कराया गया, ताकि शासन की मंशा अनुरूप एफआरके चावल का उपार्जन किया जा सके।

# अपना मकान का सपना पूरा : विस्थापित नागरिकों के लिए चिन्हारी योजना और किरायेदारों के लिए आस योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहरी इलाकों में मकान का सपना सपना ही रह जाता है। अच्छे लोकेशन में जमीन की कीमत ही इतनी अधिक होती है कि आम आदमी के लिए वन बीएचके फ्लैट भी खरीद पाना मुश्किल होता है। सरकार की योजना आस से किरायेदारों का खुद का मकान का सपना पूरा हो रहा है।

अफोर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप योजना आस में लगभग 4 हजार मकान भिलाई निगम में तैयार हो रहे हैं। पहले चरण में जब इन मकानों के लिए आवेदन मंगवाए गए तो 4588 आवेदन लोगों ने क्रय किये हैं जिसमें अब तक 1250 आवेदन रिसीव हुए हैं जिनमें स्क्रूटिनी के बाद 1200 आवेदन



वैध पाये गये हैं। इनके लिए शहर की सबसे अच्छी लोकैलिटी में मकान तैयार किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर मकानों का निर्माण तेजी से गुणवत्तायुक्त कराया जा रहा है। लगभग चार सौ मकानों का काम पूरा हो चुका है। कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में आयुक्त श्री रोहित व्यास योजना के क्रियान्वयन की लगातार मानिटरिंग कर रहे हैं। प्राइम लोकेशन, इंटीरियर भी बढ़िया- एफोर्डेबल हाउसिंग प्लान के अंतर्गत जो मकान बनाये जा रहे हैं उनकी लोकेशन तो अच्छी है ही, वन बीएचके में दी जाने वाली सुविधा के हिसाब से भी मकान काफी अच्छे हैं। मकान के सामने गैलरी बनी हुई है। किचन एवं अन्य कमरों में वेंटीलेशन बढ़िया है। मकान हवादार हैं। पानी का इंतजाम सभी मकानों में है और इसके लिए टंकियां तैयार कर दी गई हैं। ड्रेनेज की अच्छी व्यवस्था है। आस में सरकार का अंशदान डेढ़ लाख रुपए, चिन्हारी में चार लाख रुपए- सरकार द्वारा जो मकान बनवाये जा रहे हैं उनका एलाटमेंट मोर मकान मोर आस और मोर मकान मोर चिन्हारी दोनों ही योजनाओं के लिए किया जा रहा है। आस के अंतर्गत केंद्र सरकार का अंशदान डेढ़ लाख रुपए होता है और हितग्राही का अंशदान दो लाख 98 हजार रुपए से 3 लाख 61 हजार रुपए तक होता है।

प्रशिक्षु आईएएस की टीम शासन की फ्लैगशिप योजनाओं से हुई अवगत

# टीम ने कहा योजनाओं का लाभ मिल रहा है सीधे लोगों को, शासन की योजनाओं की तारीफ की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** 22 प्रशिक्षु आईएएस की टीम, छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं से अवगत हुई। प्रशिक्षु आईएएस की टीम ने सर्वप्रथम निगम आयुक्त रोहित व्यास से मुलाकात की, आयुक्त ने शासन की प्रमुख योजनाओ के बारे में प्रशिक्षु आईएएस की टीम को अवगत कराया।

निगम आयुक्त से मुलाकात के बाद टीम छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना से रूबरू होने निकली। मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर से लोगो को मिल रहे स्वास्थ्य लाभ को प्रशिक्षु आईएएस की टीम ने करीब से जाना। स्लम क्षेत्रों में मुफ्त परीक्षण, उपचार से लेकर दवाइयां फ्री में दी जा रही है। टीम



ने इस दौरान चिकित्सकों तथा इलाज के लिए पहुंचे हुए हितग्राहियों से चर्चा कर स्वास्थ्य शिविर का किस प्रकार से लाभ मिल रहा हैं इसकी जानकारी ली। हितग्राहियों ने बताया कि घर एवं मोहल्ले के समीप ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से होता है, हमें अन्य स्थानों में जाकर लंबी लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है, इसके साथ ही सारे इलाज फ्री में होते हैं। इस पर टीम ने शासन की इस योजना को महत्वपूर्ण बताया और योजना की प्रशंसा की।

प्रशिक्षु आईएएस के दल ने धनवंतरी मेडिकल स्टोर का अवलोकन किया। 55 प्रतिशत छूट के साथ दवाइयों का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। टीम ने कहा कि गरीब एवं मध्यम वर्गीय तबके के लोगों के लिए यह योजना वरदान साबित होगा। अस्पताल परिसर में ही योजना के जरिए दवाइयों की उपलब्धता होने पर प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान आईएस प्रशिक्षु की टीम सी मार्ट भी पहुंचे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के हैंड मेकिंग प्रोडक्ट का संग्रह एक स्थान पर मिलने पर तारीफ की और प्रोडक्ट भी खरीदें। प्रशिक्षु आईएएस के दल ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शासकीय स्कूल सेक्टर 6 का अवलोकन किया। बच्चों के द्वारा बनाए गए अलग-अलग मॉडल देखें, फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की अवधारणा और इसके उद्देश्य की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्राप्त की।

# शहर के नालो की युद्ध स्तर पर हो रही सफाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर की सभी बड़े नालों एवं वार्डो में स्थित छोटी एवं बड़ी नालियों की सफाई व्यवस्था पर सतत् निगरानी रखी जा रही है और सफाई कार्य लगातार जारी है!

जहां जहां वार्डो में स्थित नालियों में कचरा भरने की शिकायत आ रही है, प्राथमिकता के तौर पर सफाई गैंग लगाकर सफाई कराई जा रही है। इस हेतु नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला सक्रिय है। विधायक अरुण वोरा, मेयर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के दिशा निर्देश पर निगम अमला मुस्तैदी के साथ सफाई कार्य में जुटा हुआ है। इस कड़ी में आज केलाबाड़ी सुराना कॉलेज वार्ड नंबर 40 नाला सफाई कार्य प्रारंभ है,इसका पूरा आखरी छोर तक सफाई किया जा रहा है जिसका स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर ने निरीक्षण किया।इसके अलावा पूरे शहर में नालों की सफाई नियमित रूप से होती रहती है उसी क्रम में वार्ड नंबर 40 नाला सफाई कार्य प्रगति पर है।लगातार शंकर नगर नाला की सफाई कराई जा रही है, मालवीय नगर से लेकर संतराबाड़ी, सिंधी कॉलोनी, शंकर नगर से होते हुए गिरधारी नगर होते हुए उरला बस्ती सहित शहर के सभी नालो की अंतिम छोर तक नाले की सफाई की सतत् निगरानी रखी जा रही है, एवं साफ-सफाई कराई जा रही है।

# आयुक्त एवं सहायक कलेक्टर ने व्यापारियों के साथ आकाशगंगा के पूरे मार्केट क्षेत्र का किया निरीक्षण

## निगम और व्यापारी संघ मिलकर बनाएंगे मार्केट को सबसे बेहतर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सुपेला के प्रमुख मार्केट क्षेत्र आकाशगंगा का निगम आयुक्त रोहित व्यास एवं सहायक कलेक्टर लक्ष्मण तिवारी ने व्यापारियों के साथ मिलकर पूरे आकाशगंगा क्षेत्र का कई घंटो तक निरीक्षण कर जायजा लिया। रात्रि में लाइट की व्यवस्था भी उन्होंने देखी। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों ने प्रमुख व मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया।

संयुक्त निरीक्षण के दौरान मार्केट क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था देखी गई, शौचालय को बेहतर बनाने साफ सफाई के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्था पर चर्चा की गई, मार्केट में पानी और ड्रेनेज सिस्टम को भी देखा गया, सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत डिवाइडर को मरम्मत कर आकर्षक पौधे रोपित करने तथा प्रत्येक दुकानों के सामने डस्टबिन एवं गमले रखने पर चर्चा की गई। कचरा कहीं पर भी अव्यवस्थित तरीके




से न फेंके इस पर भी बात हुई। पार्किंग के लिए मार्किंग की व्यवस्था की जाएगी, पार्किंग की उचित व्यवस्था पर बात हुई, मार्केट में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण के पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाएगा, सीसी टीवी कैमरे व अन्य उपाय भी इसके लिए अपनाए जायेंगे। व्यापारियों से समन्वय स्थापित कर मार्केट में निर्धारित समय के अनुसार कचरा संग्रहण की गाड़ी मार्केट से कचरा कलेक्शन का कार्य करेगी, इस पर भी विशेष योजना तैयार की जाएगी। गौरतलब है कि भिलाई निगम और चेंबर ऑफ कॉमर्स तथा व्यापारी संघ के संयुक्त प्रयासों से आकाश गंगा मार्केट क्षेत्र को आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने का कार्य प्रारंभ हो गया है, इसके लिए आज सर्वे किया गया। गुरुवार को आकाशगंगा के मार्केट क्षेत्र में विशेष अभियान आवारा पशुओं को पकड़ने का चलाया गया था शुक्रवार को भी यह अभियान जारी रहा। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने की दिशा में शुरुआत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

आकाशगंगा से इसकी शुरुआत हो चुकी है और लगातार दो दिनों से निगम आकाशगंगा क्षेत्र में सक्रियता से कार्य कर रही है, इस दौरान सड़क पर सामान बिखेरकर दुकान संचालित करने वालों के सामानों को अपने दायरे में ही रखकर संचालन करने की समझाइश भी दी गई है ताकि ये सड़क बाधा का कारण न बने। आदर्श मार्केट बनाने के लिए मार्केट के हर पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है, मार्केट में आने वाले लोगों की सुविधाओं को देखते हुए भी कार्य योजना तैयार की जाएगी। मार्केट क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, चेंबर ऑफकॉमर्स के महामंत्री अजय भसीन एवं अन्य पदाधिकारी तथा व्यापारीगण मौजूद रहे।

आर्सेलर मित्तल निपोन स्टील इंडिया लिमिटेड थी प्लेसमेंट कंपनी

# 94 छात्र शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के मेगा कैंपस प्लेसमेंट में हुए चयनित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक, दुर्ग में 19 जनवरी 2023 को एक दिवसीय मेगा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें गुजरात की प्रतिष्ठित कम्पनी आर्सेलर मित्तल निपोन स्टील इंडिया लिमिटेड, गुजरात द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न पॉलीटेक्निक संस्थाओं (दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, खैरागढ़, जांजगीर चांपा, रायगढ़, अम्बिकापुर तथा बेरला) के वर्तमान में पंचम सेमेस्टर में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को साक्षात्कार में शामिल किया गया।

इस मेगा कैंपस प्लेसमेंट कैंप में यांत्रिकी, विद्युत, इलेक्ट्रानिक्स एवं धातुकर्म शाखा के 177 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें 94 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। इस चयन प्रक्रिया में दुर्ग जिले के 53 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ तथा शेष 41 अन्य जिले एवं पॉलीटेक्निक से चयनित हुए हैं। आर्सेलर मित्तल निपोन




स्टील इंडिया लिमिटेड, गुजरात द्वारा चयनित छात्रों को प्रशिक्षण अवधि में प्रथम तीन वर्ष तक एकमुश्त राशि प्रथम वर्ष में पंद्रह हजार रूपए प्रतिमाह साथ में आवास एवं बोर्डिंग की व्यवस्था सम्बन्धित फर्म द्वारा की जाएगी। तीन वर्ष पश्चात् सम्बन्धित फर्म द्वारा छात्र-छात्राओं को चार लाख रूपए का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा।

संस्था के प्राचार्य श्री प्रकाश कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित मेगा कैंपस प्लेसमेंट कैंप में साक्षात्कार सहित 03 रांउड की प्रक्रिया पूर्ण की गई। प्राचार्य महोदय ने बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक, दुर्ग में कैंपस प्लेसमेंट की प्रक्रिया विगत 25 वर्षों से निरंतर जारी है। जिसमें देश के शीर्ष कम्पनियों द्वारा छात्र-छात्राओं को रोजगार हेतु चयन एवं नियुक्तियों प्रदान की जा रही है। संस्था के प्राचार्य श्री प्रकाश कुमार पाण्डेय, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर श्रीमती मायासिंह तथा सहायक ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर श्री हुसैन उल्ला खान ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न पॉलीटेक्निक संस्थाओं से चयनित समस्त छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। साथ ही आर्सेलर मित्तल निपोन स्टील इंडिया लिमिटेड, गुजरात का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950